# मुखर्जी नगर टंकी पर बनेगा सम्पवेल, भूमिपूजन हुआ

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क


शहर के मुखर्जी नगर तथा आस-पास के क्षेत्रों में पेयजल वितरण के लिए निर्मित नगर निगम की पेयजल टंकी पर शहर विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयासों से निगम सम्पवेल बनाने जा रहा है। सम्पवेल की लागत लगभग 12 लाख रुपये अनुमानित है।

सम्पवेल निर्माण के लिए विधिपूर्वक भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ भाजपा नेताओं द्वारा सम्पन्न किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम के अतिथि के रूप में उपस्थिति भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अरुण राव तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित की रही।

इस अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष प्रकाश बंशीवाल, विवेक शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री धर्मेन्द्र देवडा, श्रीमती अनिता कटारा, अम्बेडकर मंडल महामंत्री विनोद यादव, पूर्व पार्षद श्रीमती सीमा टांक, पवन सोमानी, बलवीर सिंह सोढी, पिछडा मोर्चा मंडल अध्यक्ष चेतन टांक, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी तन्मय त्रिवेदी, जयेश वसावा, संजय पाण्डे, राजेन्द्र सोलंकी, श्रीमती दिव्या शर्मा, श्रीमती शांति पाटीदार, श्रीमती आशा पाटीदार, आशिष चौहान, करण ठाकुर, प्रवीण सीरवी, श्रीमती अनिता वसावा, श्रीमती सुलोचना चौहान, प्रदुम्न पुरोहित, राजु पहाडीया, नगर निगम जल प्रदाय प्रभारी हनीफ शेख एवं भय्यालाल चौधरी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। 6-5







# शहर में फल-सब्जी बिक्री की नई व्यवस्था लागू

## शहर में 4 स्थानों पर शुरू हुई फल और सब्जी विक्रय की व्यवस्था, बाजार क्षेत्र में खाली हुई सड़कें, ट्रैफिक व्यवस्था भी सुधरी

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

शहर में फल और सब्जी विक्रय की नई व्यवस्था आज से लागू हो गई है। शहर में आज से सड़क किनारे और फुटपाथ पर बैठकर फल सब्जी का विक्रय प्रतिबंधित किया गया है। गौरतलब है कि नई व्यवस्था को लेकर फल-सब्जी विक्रेताओं में नाराजगी थी जिसके विरोध में सब्जी विक्रेताओं ने सब्जी मंडी और विधायक आवास पर पहुंचकर प्रदर्शन भी किया था, लेकिन आज से शहर में लागू की गई नई व्यवस्था में 272 से अधिक फल सब्जी विक्रेताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर नगर निगम की नई व्यवस्था में सहयोग किया है।

शहर में सैलाना ओवर ब्रिज के नीचे, कल्याण नगर त्रिवेणी रोड, विनोबा नगर ग्रिड के पास एवं साक्षी पेट्रोल पंप के सामने सब्जी विक्रेताओं के लिए मंडिया शुरू की गई है।

दरअसल शहर के बाजार क्षेत्रों और सड़कों पर फल सब्जी बेचने वालों की वजह से सड़कों पर जाम लगने और ट्रैफिक व्यवस्था बढ़ाने की समस्या हो रही थी। जिसके लिए शहर की सड़कों और फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले रिटेल सब्जी विक्रेताओं को शहर में 4 स्थानों पर प्लॉट देकर नई व्यवस्था आज से लागू की गई है, जिसे लेकर फल-सब्जी विक्रेताओं ने नाराजगी भी व्यक्ति की थी, लेकिन आज से शुरू हुई व्यवस्था से बाजार क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हुआ है। वहीं चारों स्थानों पर सब्जी विक्रेताओं ने अपनी दुकानें भी रजिस्ट्रेशन करवाकर लगाई है।

नई व्यवस्था का निरीक्षण करने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एस पी अभिषेक तिवारी भी पहुंचे, जहां दुकानदारों के लिए है पीने की पानी की व्यवस्था और अन्य सुविधाएं करने के निर्देश कलेक्टर ने निगम के अधिकारियों को दिए हैं। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले सब्जी विक्रेताओं के रजिस्ट्रेशन के लिए नगर निगम ने चारों स्थान पर काउंटर खोले हैं। जहां वह रजिस्ट्रेशन करवा कर अपनी दुकान लगा सकेंगे।

### कलेक्टर ने त्रिवेणी क्षेत्र में सब्जी विक्रेताओं की व्यवस्था का निरीक्षण किया



कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने चांदनी चौक साइड की सब्जी मंडी का त्रिवेणी के समीप शिफ्टिंग का निरीक्षण किया। निगमायुक्त श्री झारिया को पेयजल की बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए। सब्जी विक्रेताओं से चर्चा करते हुए कहा कि पुराने दुकानदारों को स्थान आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। नवीन विक्रेताओं को भी स्थान मिलेगा। कलेक्टर द्वारा निगम अधिकारियों को सब्जी विक्रेताओं के लिए नियोजित ढंग से व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे। इसके पूर्व कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने सैलाना ब्रिज, तथा राम मंदिर क्षेत्र में भी निरीक्षण किया।

6-5-22

### कलेक्टर पुरुषोत्तम ने कॉलोनाइजर्स को 10 मई से प्रक्रिया आरंभ कर 1 माह में पूर्ण करने के दिए निदेश

# कालोनियों में आवंटन से बचाए गए ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्गों के भूखंड अब मिलेंगे उनके हकदारों को

6-5-22

**रतलाम। जिले की विभिन्न कालोनियों में ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्गों के लिए उपलब्ध जिन भूखंडों को अब तक उनके हकदारों को आवंटित नहीं किया गया है, वे भूखंड अब आवंटित किए जाने वाले है। आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए कार्रवाई में तेजी लाइ गई है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा बुधवार को संबंधित कॉलोनाइजर्स की बैठक आयोजित की गई।**

कालोनाइजर्स को निर्देशित किया गया कि आगामी 10 मई से भूखंड आवंटन संबंधी प्रक्रिया आरंभ कर दी जाए। एक माह में प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी होगी। कॉलोनाइजर्स अपनी कॉलोनी में उपलब्ध भूखंडों की जानकारी तथा आवेदन संबंधी विज्ञप्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे। शासन के प्रावधानों के तहत हकदारों को उनका हक मिलना चाहिए। विज्ञप्ति प्रकाशन पश्चात कॉलोनाइजर्स पात्र व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त करेंगे। आवेदन प्राप्ति पश्चात पात्र व्यक्तियों को सूचीबद्ध कर सूची कलेक्टर कार्यालय में उपलब्ध कराई जाएगी जहां उसका परीक्षण करके अंतिम रूप दिया जाएगा। कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात पात्र व्यक्तियों को भूखंड आवंटित करने की कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने बताया कि अभी तक परीक्षण में जिले की 28 कालोनियों में 842 भूखंडों की उपलब्धता सामने आई है इनमें ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 487 तथा एलआईसी वर्ग के लिए 355 भूखंड सम्मिलित है, परीक्षण जारी है। निश्चित रूप से अभी और भी भूखंडों की जानकारी मिलेगी। जिन कॉलोनाइजर्स द्वारा नियमानुसार संबंधित वर्गों को भूखंड आवंटित नहीं किए गए हैं उनकी कालोनियों में उपलब्ध भूखंड अब प्रशासन संबंधित वर्गों को आवंटित करवाने जा रहा है।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रशासन के निर्देश के बाद यदि संबंधित कॉलोनाइजर्स द्वारा आवंटन की कार्यवाही नहीं की जाएगी तो उक्त कार्य प्रशासन द्वारा किया जाएगा। पूर्व में भी यदि भूखंड आवंटन में अनियमितता की गई है तो उसकी जांच की जाएगी। कॉलोनाइजर्स को निर्देशित किया गया कि विज्ञप्ति प्रकाशन के तीन दिवस पूर्व विज्ञप्ति प्रारूप प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे वे अन्य किसी को विक्रय नहीं कर सकेंगे इसके लिए समय सीमा शर्त लागू की जाएगी। उन व्यक्तियों को आवास निर्माण के लिए बैंकों से ऋण सुविधा हेतु प्रशासन मदद करेगा। कॉलोनाइजर अपनी कॉलोनी में उपलब्ध ईडब्ल्यूएस, एलआईजी भूखंडों के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करें। बैठक में डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, परियोजना अधिकारी शहरी विकास अरुण पाठक भी उपस्थित थे।जिले में स्थित विभिन्न कालोनियों में ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्ग के लिए रिक्त भूमि तथा प्लाट की जानकारी निम्नानुसार है - रतलाम की सम्यक रिसोर्सेज में ईडब्ल्यूएस की 1605 वर्ग मीटर मीटर भूमि तथा एलआईजी की 42.80 वर्ग मीटर मीटर भूमि, सम्यक गोल्ड सिटी कालोनी में जी-2 ब्लाक तथा एलआईजी के 73 भूखण्ड, आदिनाथ सिटी करमदी रोड पर ईडब्ल्यूएस की 430 वर्ग मीटर मीटर भूमि तथा एलआईजी के 22 भूखण्ड, ग्रीन सीटी अशोक नगर में ईडब्ल्यूएस की 465 वर्ग मीटर मीटर भूमि तथा एलआईजी के 23 भूखण्ड, अंजनीधाम कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 26 भूखण्ड तथा एलआईजी के 13 भूखण्ड, अरिहन्त परिसर सेक्टर 1 में ईडब्ल्यूएस के 57 भूखण्ड, निमंत्रण डेवलपर्स कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 7 भूखण्ड एलआईजी का 1 भूखण्ड, अष्ट विनायक रेसीडेंसी कालोनी में एलआईजी के 3 भूखण्ड, एक्सप्रेस सिटी ग्रामीण क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस के 12 भूखण्ड तथा एलआईजी के 11 भूखण्ड, पुखराज रेसीडेंसी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 6 भूखण्ड तथा एलआईजी के 5 भूखण्ड उपलब्ध हैं। इन्दौर समाचार

अब अस्थायी और स्थायी अतिक्रमण हटाने की भी उठी मांग

# नई जगह पहुंचे फल-सब्जी विक्रेता पहले ही दिन सुगम हुआ यातायात

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

शहर के यातायात सुधार के लिए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों द्वारा लिए गए निर्णय का असर पहले ही दिन दिखा। खींचतान के बाद सब्जी और फल विक्रेताओं ने चिन्हित 4 स्थानों पर पहुंचकर व्यापार शुरू कर दिया। ठेले और फेरी वालों के मुख्य सड़कों से हटने के कारण यातायात में सुधार भी नजर आया। कलेक्टर और एसपी ने बाजार क्षैत्र का निरीक्षण भी किया।

शहर के तोपखाना, चांदनी चौक, त्रिपोलिया गेट, माणक चौक, घांसबाजार, राम मंदिर क्षैत्र, कसारा बाजार सहित कई इलाकों में पहले मुख्या बाजार पर ही सब्जी और फल का विक्रय होता था। इसके कारण यातायात की स्थिति बहुत बुरी थी। इसे सुधारने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी अभिषेक तिवारी सहित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन हुआ था।

इसमें मुख्य बाजार से हटाकर सब्जी और फल मंडी एक ओर ले जाने का निर्णय लिया गया था। कलेक्टर और एसपी ने गुरुवार को खुद भी बाजार में घूमकर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान माणक चौक, साहू बावड़ी, घांस बाजार, त्रिपोलिया गेट, तोपखाना, कसारा बाजार, चांदनी चौक में यातायात सुगम नजर आया। लोगों को जाम से भी राहत मिली। यातायात में सुधार को देखते हुए आम जनता में भी निर्णय को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि अब दुकानों के अस्थाई अतिक्रमण की और भी इसी सख्ती से ध्यान दिया जाए तो यातायात और सुगम हो सकता है।

## कलेक्टर-एसपी ने किया बाजार का निरीक्षण



## अब इन 4 स्थानों पर लगी दुकानें

शहर में चार स्थानों त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने, सैलाना ओवर ब्रिज के नीचे, विनोबा नगर ग्रीड के पास और साक्षी पेट्रोल पंप के सामने स्थान निर्धारित किए है। गुरुवार सुबह से 241 सब्जी विक्रेताओं और 31 फल विक्रेताओं ने त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी विक्रय के लिए अपना पंजीयन करा चुके हैं। गुरुवार को भी पंजीयन करवाने का काम चलता रहा। प्रशासन ने यह भी आश्वस्त किया कि सैलाना बस स्टैण्ड सब्जी मण्डी में फल-सब्जी का विक्रय थोक में होगा। किलो दो किलो में सब्जी सीधे ग्राहकों को यहां से नहीं दी जाएगी। साथ ही उन्होने कहा कि फुटकर फल-सब्जी विक्रेता कॉलोनियों में घुम-घुम कर ठेले पर फल-सब्जी का विक्रय कर सकेंगी।

6-5-22

# त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने नवीन फल-सब्जी मण्डी हुई प्रारंभ

**कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक व निगम आयुक्त ने किया संयुक्त निरीक्षण**

**5 मई को 150 सब्जी व 45 फल विक्रेताओं ने करा व्यवसाय प्रारंभ**

**शहर का यातायात तंत्र हुआ सुगम**

**फल-सब्जी क्रय करने पंहुचे नागरिक नवीन फल-सब्जी मण्डी**





**रतलाम ( तेज एक्सप्रेस )।** यातायात प्रबंधन तंत्र को व्यवस्थित किये जाने हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार रतलाम नगर में 5 मई से जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर फल-सब्जी विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित किये जाकर तय 4 स्थानों पर ही फल-सब्जी का विक्रय किये जाने के तहत निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशन में त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने नवीन सब्जी मण्डी को प्रारंभ किया गया त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने नवीन सब्जी मण्डी का कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूशोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री अभिशेक तिवारी व निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने संयुक्त निरीक्षण गया। निरीक्षण के दौरान नवीन मण्डी में मूलभुत सुविधाऐं उपलब्ध कराये जाने निर्देश संबंधित को दिये गये ताकि विक्रेताओं को किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देशानुसार यातायात प्रबंधन तंत्र को व्यवस्थित किये जाने हेतु फल-सब्जी विक्रय हेतु फल-सब्जी का विक्रय सैलाना ब्रीज के नीचे, साक्षी पेट्रोल पम्प के सामने, विनोबा नगर ग्रीड के पास व त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने चिन्हित किये गये थे जिसमें से 5 मई गुरूवार को त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने नवीन फल-सब्जी मण्डी प्रारंभ की गई है जिसके तहत 150 सब्जी व 45 फल विक्रताओं द्वारा अपना प्रारंभ कर दिया गया है साथ ही नागरिकों ने भी फल-सब्जी क्रय करना प्रारंभ कर दिया गया है। नवीन फल-सब्जी मण्डी प्रारंभ होने से षहर का यातायात तंत्र भी सुगम हुआ है।

उन्होने बताया कि त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी विक्रय हेतु 241 सब्जी व 31 फल विक्रेताओं ने 4 मई को अपना पंजीयन कराया था निगम द्वारा 4 बाय 4 के ब्लॉक बनाकर उन्हे व्यवस्थित रूप से बैठाया गया है। 6-5-2

इसके अलावा नवीन फल-सब्जी मण्डी में सब्जी-फल विक्रेताओं से 7 दिवस तक किसी प्रकार की बाजार बैठक वसूली नहीं की जायेगी।

# शहर में फल सब्जी बिक्री की नई व्यवस्था लागू : शहर में 4 स्थानों पर शुरू हुई फल और सब्जी विक्रय की व्यवस्था, बाजार क्षेत्र में खाली हुई सड़कें, ट्रैफिक व्यवस्था भी सुधरी



रतलाम। शहर में फल और सब्जी विक्रय की नई व्यवस्था आज से लागू हो गई है। शहर में आज से सड़क किनारे और फुटपाथ पर बैठकर फल सब्जी का विक्रय प्रतिबंधित किया गया है। गौरतलब है कि नई व्यवस्था को लेकर फल सब्जी विक्रेताओं में नाराजगी थी और जिसके विरोध में सब्जी विक्रेताओं ने सब्जी मंडी और विधायक आवास पर पहुंचकर प्रदर्शन भी किया था। 6-8-22

लेकिन आज से शहर में लागू की गई नई व्यवस्था में 272 से अधिक फल सब्जी विक्रेताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर नगर निगम की नई व्यवस्था में सहयोग किया है। शहर में सैलाना ओवर ब्रिज के नीचे, कल्याण नगर त्रिवेणी रोड, विनोबा नगर ग्रीड के पास एवं साक्षी पेट्रोल पंप के सामने सब्जी विक्रेताओं के लिए मंडिया शुरू की गई है। दरअसल शहर के बाजार क्षेत्रों और सड़कों पर फल सब्जी बेचने वालों की वजह से सड़कों पर जाम लगने और ट्रैफिक व्यवस्था बढ़ने की समस्या हो रही थी। जिसके लिए शहर की सड़कों और फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले रिटेल सब्जी विक्रेताओं को शहर में 4 स्थानों पर प्लॉट देकर नई व्यवस्था आज से लागू की गई है। जिसे लेकर फल सब्जी विक्रेताओं ने नाराजगी भी व्यक्ति की थी लेकिन आज से शुरू हुई व्यवस्था से बाजार क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हुआ है। वहीं, चारों स्थानों पर सब्जी विक्रेताओं ने अपनी दुकानें भी रजिस्ट्रेशन करवाकर लगाई है। नई व्यवस्था का निरीक्षण करने कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम एसपी अभिषेक तिवारी भी पहुंचे। जहां दुकानदारों के लिए है पीने की पानी की व्यवस्था और अन्य सुविधाएं करने के निर्देश कलेक्टर ने निगम के अधिकारियों को दिए हैं। ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले सब्जी विक्रेताओं के रजिस्ट्रेशन के लिए नगर निगम ने चारों स्थान पर काउंटर खोले हैं। जहां वह रजिस्ट्रेशन करवा कर अपनी दुकान लगा सकेंगी। इन्दौर समाचार

पत्रिका

# झाली तालाब से पकड़ रहे थे मछली



रतलाम. शहर के बीचो बीच बने झाली तालाब में मछली का दिनदहाड़े ही शिकार हो रहा है। तालाब की रक्षा के लिए चौकीदार से लेकर समीप ही पुलिस चौकी भी है, इनका भी भय शिकारियों को नहीं है। ऐसे ही एक मामले में जब शिकारियों को चौकीदार ने देखा तो पुलिस को सूचना दी, इसके बाद शिकारी अपना जाल छोड़कर भाग गए। बाद में निगम कर्मचारियों ने जाल निकाला तो उसमे कुछ कछुए व मछलियां पाई गई। झाली तालाब में शिकारी पहुंचे व मछलियों को फंसाने के लिए लंबा जाल डाला। इस बीच चौकीदार की नजर पड़ी तो सिटी बजाकर चेतावनी दी। चौकीदार ने पुलिस चौकी पर पदस्थ जवानों को सूचना भी दे दी। पुलिस के पहुंचते ही शिकारी जाल छोड़कर भाग गए। जब जाल को चौकीदार सहित अन्य ने निकाला तो उसमे कछुए व मछलियां थी जिनको वापस पानी में छोड़ दिया गया। 6-5-22

# कलेक्टर ने त्रिवेणी क्षेत्र में सब्जी विक्रेताओं की व्यवस्था का निरीक्षण किया

रतलाम,(निप्र)। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने चांदनी चौक साइड की सब्जी मंडी का त्रिवेणी के समीप शिफ्टिंग का निरीक्षण किया। निगमायुक्त श्री झारिया को पेयजल की बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए। सब्जी विक्रेताओं से चर्चा करते हुए कहा कि पुराने दुकानदारों को स्थान आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। नवीन विक्रेताओं को भी स्थान मिलेगा। कलेक्टर द्वारा निगम अधिकारियों को सब्जी विक्रेताओं के लिए नियोजित ढंग से व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे। प्रजातंत्र 6-5-

# 19 सफाई मित्रों का 1 दिवस एक दिवस का वेतन काटा

रतलाम ( तेज एक्सप्रेस )। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार वार्डों में स्वच्छता पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त पर्यवक्षकों द्वारा वार्डो में प्रात: 6 व दोपहर 2 बजे सफाई मित्रों की उपस्थिति को चेक किया गया जिसके तहत 5 मई को प्रात: 14 व दोपहर की षिफ्ट में 5 सफाई मित्र बिना सूचना के अनुपस्थित पाये जाने पर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार एक व आधे दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त/निलबंन का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। 6-5-22

## अब तेजी से शुरु होगा सड़कों का निर्माण कार्य

रतलाम। शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही सुगम यातायात के लिए अब बाजार क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य में भी तेजी लाई जा रही है। इस सबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोतम ने निगम अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए है। संभव है अगले कुछ दिनों में नौलाईपुरा के अलावा कुछ और मार्गो पर भी सड़क निर्माण कार्य शुरु हो सकता है। शहर की सड़को की हालत को लेकर लगातार सवाल उठते रहे है। लेकिन अब इस और तेजी से कार्य शुरु होने जा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोतम ने बताया कि बाजार क्षैत्र में अगले दो-चार दिनों में नई सड़कों का कार्य शुरु हो जाएगा। इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए गए है। सूत्रों की माने तो यातायात सुधार के लिए सब्जी विक्रेताओं और ठेलो को हटाने की कार्रवाई के बाद अब दुकानों के स्थाई-अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ भी प्रशासन सख्त कार्रवाई कर सकता है। यातायात सुधार की दृष्टि से बाजार क्षैत्र में जल्द कार्रवाई देखने को मिल सकती है।

# विधायक काश्यप के प्रयासों से मुखर्जी नगर टंकी पर बनेगा सम्पवेल

**रतलाम। शहर के मुखर्जी नगर तथा आस-पास के क्षेत्रों में पेयजल वितरण के लिए निर्मित नगर निगम की पेयजल टंकी पर शहर विधायक मा. श्री चेतन्य काश्यप जी के प्रयासों से निगम सम्पवेल बनाने जा रहा है। सम्पवेल की लागत लगभग 12 लाख रुपये अनुमानित है।**



सम्पवेल निर्माण के लिए विधिपूर्वक भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ भाजपा नेताओं द्वारा सम्पत्र किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम के अतिथि के रूप में उपस्थिति भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित की रही।

इस अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष द्वय प्रकाश बंशीवाल, विवेक शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री द्वय धर्मेन्द्र देवड़ा, श्रीमती अनिता कटारा, अम्बेडकर मंडल महामंत्री विनोद यादव, पूर्व पार्षद श्रीमती सीमा टांक, पवन सोमानी, बलवीर सिंह सोढ़ी, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष चेतन टाक, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी तन्मय त्रिवेदी, जयेश वसावा, संजय पांण्डे, राजेन्द्र सोलंकी, श्रीमती दिव्या शर्मा, श्रीमती शांति पाटीदार, श्रीमती आशा पाटीदार, आशिष चौहान, करण ठाकुर, प्रवीण सीरवी, श्रीमती अनिता वसावा, श्रीमती सुलोचना चौहान, प्रदुम्न पुरोहित, राजु पहाड़ीया, नगर निगम जल प्रदाय प्रभारी हनीफ शेख एवं भय्यालाल चौधरी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## काश्यप के प्रयासों से मुखर्जी नगर टंकी पर बनेगा सम्पवेल

रतलाम। मुखर्जी नगर तथा आस-पास के क्षेत्रों में पेयजल वितरण के लिए निर्मित नगर निगम की पेयजल टंकी पर शहर विधायक मा. श्री चेतन्य काश्यप जी के प्रयासों से निगम सम्पवेल बनाने जा रहा है। सम्पवेल की लागत लगभग 12 लाख रुपये अनुमानित है। सम्पवेल निर्माण के लिए विधिपूर्वक भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ भाजपा नेताओं द्वारा सम्पन्न किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम के अतिथि के रूप में उपस्थिति भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित की रही। इस अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष द्वय प्रकाश बंशीवाल, विवेक शर्मा, नगर निगम जल प्रदाय प्रभारी हनीफ शेख एवं भय्यालाल चौधरी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# फल-सब्जी विक्रेताओं की जिला व निगम अधिकारियों ने ली बैठक

## शहर हित में तय स्थान पर फल-सब्जी विक्रय की दी समझाईश

### सब्जी-फल विक्रेता निर्धारित स्थल पर व्यवसाय हेतु अपना पंजीयन करवायें

### 272 फल सब्जी विक्रेताओं ने कराया पंजीयन

रतलाम । यातायात प्रबंधन तंत्र को व्यवस्थित किये जाने हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देषानुसार रतलाम नगर में 5 मई से जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर फल-सब्जी विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित किये जाकर तय 4 स्थानों पर ही फल-सब्जी का विक्रय किये जाने के संबंध में जिला एवं निगम अधिकारियों ने फल-सब्जी विक्रेताओं की बैठक निगम सभागृह में लेकर तय स्थान पर फल-सब्जी विक्रय के संबंध में सुझाव आमंत्रित कर उन्हे होने वाली परेशानियों को दुर करने हेतु आष्वस्त किया।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने फल-सब्जी विक्रेताओं से आव्हान किया कि रतलाम षहर आपका अपना षहर है इसे ओर अधिक सुन्दर व सर्वसुविधायुक्त बनाने में आपकी अहम भूमिका है पटरी के इस पार व्यापारिक व घनी आबादी का क्षेत्र होने व यातायात प्रबंधन तत्र को व्यवस्थित किये जाने हेतु जमीन एवं ठेलागाड़ी पर सड़क एवं फुटपाथ आदि पर फल-सब्जी विक्रय पूर्णत: प्रतिबंधित किया जाकर त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने वाला क्षेत्र फल-सब्जी विक्रय हेतु तय किया गया है आप अपना पंजीयन कर निर्धारित स्थल पर फल-सब्जी का विक्रय करना सुनिष्चित् करें। आपकी सुविधा को दृश्टिगत रखते हुए स्थल पर मूलभुत सुविधाऐं उपलब्ध कराई जावेगी।

उन्होने ने कहा कि आज 241 सब्जी व 31 फल विक्रेताओं ने त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी विक्रय हेतु अपना पंजीयन करा चुके हैं आप भी तत्काल अपना पंजीयन कराना सुनिष्चित् करें।

फुटकर फल-सब्जी विक्रेताओं की मांग पर एसडीएम श्री राकेष षुक्ला ने कहा कि सैलाना बस स्टैण्ड सब्जी मण्डी में फल-सब्जी का विक्रय थोक में होगा ना कि किलो दो किलो में। साथ ही उन्होने कहा कि फुटकर फल-सब्जी विक्रेता कालोनियों में घुम-घुम कर ठेले पर फल-सब्जी का विक्रय कर सकेंगे। तय स्थान पर फल-सब्जी विक्रय हेतु उन्होने फुटकर विक्रताओं का तत्काल अपना पंजीयन कराने की समझाईष दी।

इस अवसर पर सीएसपी श्री हेमन्त चौहान, डीएसपी श्री अमित कुमार राय, उपायुक्त श्री विकास सोलंकी, नायब तहसीलदार श्री कुलभूशण षर्मा, मण्डी सचिव श्री एम.एस. मुनिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेषचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्री ष्याम सोनी, स्टेषन रोड थाना प्रभारी श्री किषोर पाटनवाला के अलावा श्री अनुराग यादव, राजेन्द्र व्यास आदि उपस्थित थे।



# कलेक्टर ने त्रिवेणी क्षेत्र में सब्जी विक्रेताओं की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने चांदनी चौक साइड की सब्जी मंडी का त्रिवेणी के समीप शिफ्टिंग का निरीक्षण किया। निगमायुक्त श्री झारिया को पेयजल की बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए। सब्जी विक्रेताओं से चर्चा करते हुए कहा कि पुराने दुकानदारों को स्थान आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। नवीन विक्रेताओं को भी स्थान मिलेगा। कलेक्टर द्वारा निगम अधिकारियों को सब्जी विक्रेताओं के लिए नियोजित ढंग से व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे। इसके पूर्व कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने सैलाना ब्रिज, तथा राम मंदिर क्षेत्र में भी निरीक्षण किया।

## मॉनिटरिंग सेल की बैठक आयोजित की गई

रतलाम। मीटिंग सेल की बैठक प्रधान जिला न्यायाधीश राजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अन्य न्यायाधीशगण तथा अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रधान न्यायाधीश द्वारा विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जावरा तथा आलोट में भूमि आवंटन के संबंध में चर्चा की गई। बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 5 वर्ष से अधिक लंबी अवधि के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किए जाने को आदेशित किया गया है। साथ ही जघन्य तथा सनसनीखेज मामलों को ही प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के संबंध में अवगत कराया गया। प्रधान न्यायाधीश ने निर्देशित किया कि थानों से आने वाले समय में गवाह के मोबाइल नंबर भी जानकारी दी जाए। निगमायुक्त को न्यायालय परिसरों, आवासीय परिसरों में साफ-सफाई तथा उद्यानों के रखरखाव के संबंध में निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि एमएलसी की रिपोर्ट में डॉक्टर का नाम तथा उसकी सील भी अंकित की जाए। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री गुप्ता ने कहा कि प्रशासकीय अधिकारी किसी भी समस्या के संबंध में जिला कोर्ट को अवगत करा सकते हैं, समन्वय के संबंध में भी सदैव बात की जा सकती है।

6-5




## मॉनिटरिंग सेल की बैठक

रतलाम,(निप्र)। मीटिंग सेल की बैठक प्रधान जिला न्यायाधीश श्री राजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक तिवारी, अन्य न्यायाधीशगण तथा अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में प्रधान न्यायाधीश द्वारा विभिन्न मुद्दे पर अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जावरा तथा आलोट में भूमि आवंटन के संबंध में चर्चा की गई। बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 5 वर्ष से अधिक लंबी अवधि के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किए जाने को आदेशित किया गया है। साथ ही जघन्य तथा सनसनीखेज मामलों की ही प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के संबंध में अवगत कराया गया। प्रधान न्यायाधीश ने निर्देशित किया कि थानों से आने वाले समय में गवाह के मोबाइल नंबर भी जानकारी दी जाए। निगमायुक्त को न्यायालय परिसरों, आवासीय परिसरों में साफ-सफाई तथा उद्यानों के रखरखाव के संबंध में निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि एमएलसी की रिपोर्ट में डॉक्टर का नाम तथा उसकी सील भी अंकित की जाए। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री गुप्ता ने कहा कि प्रशासकीय अधिकारी किसी भी समस्या के संबंध में जिला कोर्ट को अवगत करा सकते है, समन्वय के संबंध में भी सदैव बात की जा सकती है।

6-5





# शहर में फल-सब्जी बिक्री की नई व्यवस्था लागू

## शहर में 4 स्थानों पर शुरू हुई फल और सब्जी विक्रय की व्यवस्था, बाजार क्षेत्र में खाली हुई सड़कें, ट्रैफिक व्यवस्था भी सुधरी ...

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

शहर में फल और सब्जी विक्रय की नई व्यवस्था आज से लागू हो गई है। शहर में आज से सड़क किनारे और फुटपाथ पर बैठकर फल सब्जी का विक्रय प्रतिबंधित किया गया है। गौरतलब है कि नई व्यवस्था को लेकर फल-सब्जी विक्रेताओं में नाराजगी थी जिसके विरोध में सब्जी विक्रेताओं ने सब्जी मंडी और विधायक आवास पर पहुंचकर प्रदर्शन भी किया था, लेकिन आज से शहर में लागू की गई नई व्यवस्था में 272 से अधिक फल सब्जी विक्रेताओं ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा कर नगर निगम की नई व्यवस्था में सहयोग किया है।

शहर में सैलाना ओवर ब्रिज के नीचे, कल्याण नगर त्रिवेणी रोड़, विनोबा नगर ग्रिड के पास एवं साक्षी पेट्रोल पंप के सामने सब्जी विक्रेताओं के लिए मंडिया शुरू की गई है।

दरअसल शहर के बाजार क्षेत्रों और सड़कों पर

### कलेक्टर ने त्रिवेणी क्षेत्र में सब्जी विक्रेताओं की व्यवस्था का निरीक्षण किया



कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने चांदनी चौक साइड की सब्जी मंडी का त्रिवेणी के समीप शिफ्टिंग का निरीक्षण किया। निगमायुक्त श्री झारिया को पेयजल की बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए। सब्जी विक्रेताओं से चर्चा करते हुए कहा कि पुराने दुकानदारों को स्थान आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। नवीन विक्रेताओं को भी स्थान मिलेगा। कलेक्टर द्वारा निगम अधिकारियों को सब्जी विक्रेताओं के लिए नियोजित ढंग से व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे। इसके पूर्व कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने सैलाना ब्रिज, तथा राम मंदिर क्षेत्र में भी

कॉलोनाइजर को उपकृत करने दे दिए कनेक्शन

# दो साल में सबसे नीचे पहुंचा इस बार धोलावाड़ का जलस्तर

## बिगड़ी व्यवस्था: शहर में 15 जगह भेजना पड़ रहे टैंकर



पत्रिका ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com
6-5-22

रतलाम. शहर में तीन साल में बनी नई - नई कॉलोनी में कॉलोनाइजर को उपकृत करने के लिए नगर निगम के पेयजल विभाग ने कनेक्शन तो दे दिए, लेकिन इसका खामियाजा शेष शहर को उठाना पड़ रहा है। शहर में 15 से अधिक कॉलोनी या मोहल्लों में गर्मी में नगर निगम को पानी के टैंकर भेजने पड़ रहे है। सबसे अधिक परेशानी उन गरीबों के मोहल्लों में हो रही है, जहां पेयजल पाइप लाइन तक नहीं है। इन दो साल में सबसे नीचे पानी का जलस्तर धोलावाड़ में पहुंच गया है।

शहर में तीन सालों में सागोद रोड, बड़बड़ रोड, कस्तुरबा नगर क्षेत्र, प्रतापनगर क्षेत्र में नई - नई कॉलोनियां बनी। इन कॉलोनी में पेयजल के बल्क कनेक्शन निगम ने कॉलोनाइजरों को उपकृत करते हुए दे दिए। कनेक्कशन देने के पहले यह देखना जरूरी नहीं समझा गया कि इसका असर किस तरह से शहर में होगा। अब हालात यह है कि शहर में आए दिन पेयजल वितरण व्यवस्था गड़बड़ा रही है। शहर में सुबह 7 बजे वितरण होने वाला पेयजल रात 10 बजे दिया जा रहा है।

### यहां भेज रहे टैंकर से पानी

बोहरे की चाल, प्रकाश नगर, टैंकर रोड, जेवीएल के करीब, बरबड़ रोड, ईश्वर नगर, हम्माल कॉलोनी, बजरंग नगर, अर्जुन नगर, दिलीप नगर, सुदामा परिसर, नाहरपुरा, भक्तन की बावड़ी, पुराना आरटीओ क्षेत्र, शिवनगर, पहलवान बाबा की दरगाह क्षेत्र में टैंकर से पानी भेजा जा रहा है।

### दो साल में सबसे नीचे पहुंचा पेयजल

धोलावाड़ की क्षमता 380 मीटर है। अब यह दो साल में सबसे नीचले स्तर पर पहुंच गई है। 30 अप्रेल 2019 को 384.20 मीटर डेम का पानी था जो 30 अप्रेल 2022 को 384.85 हो गया है। जबकि 2020 में यही 385.55 मीटर था।

### यहां हो रही समस्या

न्यू ग्लोबस सिटी, जवाहर नगर, नजरबाग, थावरिया बाार, लक्ष्मणपुरा, गांधीनगर, बोहरा बाखल, घांसबाजार, मोचीपुरा, आनंद कॉलोनी, प्रतापनगर आदि क्षेत्र में पेयजल वितरण व्यवस्था पटरी से उतर गई है। सबसे अधिक समस्या तो पटरी पार क्षेत्र में आ रही है, जहां कुछ क्षेत्रों में चार दिन में एक बार पेयजल

### इनको पद से हट जाना चाहिए

नगर निगम गर्मी में पेयजल वितरण करने में पूरी तरह से असफल साबित हो गया है। इनको पद से हट जाना चाहिए, युवाओं को जिम्मेदारी दी जाए तो बेहतर काम करके दिखाएंगे।

**- अंकित सिसौदिया,** युवा व्यापारी, चांदनीचौक

### सुधार कार्य जारी है

पेयजल वितरण व्यवस्था गड़बड़ाई है यह सही है। इसमें सुधार का कार्य जारी है। अगले दो से तीन दिन में पूरी तरह से सुधार किया जाएगा।

**- सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम



# मॉनिटरिंग सेल की बैठक आयोजित की गई

रतलाम। मीटिंग सेल की बैठक प्रधान जिला न्यायाधीश राजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अन्य न्यायाधीशगण तथा अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रधान न्यायाधीश द्वारा विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जावरा तथा आलोट में भूमि आवंटन के संबंध में चर्चा की गई। बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 5 वर्ष से अधिक लंबी अवधि के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किए जाने को आदेशित किया गया है। साथ ही जघन्य तथा सनसनीखेज मामलों की ही प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के संबंध में अवगत कराया गया। प्रधान न्यायाधीश ने निर्देशित किया कि थानों से आने वाले समय में गवाह के मोबाइल नंबर भी जानकारी दी जाए। निगमायुक्त को न्यायालय परिसरों, आवासीय परिसरों में साफ-सफाई तथा उद्यानों के रखरखाव के संबंध में निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि एमएलसी की रिपोर्ट में डॉक्टर का नाम तथा उसकी सील भी अंकित की जाए। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री गुप्ता ने कहा कि प्रशासकीय अधिकारी किसी भी समस्या के संबंध में जिला कोर्ट को अवगत करा सकते हैं, समन्वय के संबंध में भी सदैव बात की जा सकती है।

राज एक्सप्रेस 6-5

# कलेक्टर ने त्रिवेणी क्षेत्र में सब्जी विक्रेताओं की व्यवस्था का निरीक्षण किया

रतलाम (आरएनएन)। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने चांदनी चौक साइड की सब्जी मंडी का त्रिवेणी के समीप शिफ्टिंग का निरीक्षण किया। निगमायुक्त श्री झारिया को पेयजल की बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए। सब्जी विक्रेताओं से चर्चा करते हुए कहा कि पुराने दुकानदारों को स्थान आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। नवीन विक्रेताओं को भी स्थान मिलेगा। कलेक्टर द्वारा निगम अधिकारियों को सब्जी विक्रेताओं के लिए नियोजित ढंग से व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक तिवारी एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे। इसके पूर्व कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने सैलाना ब्रिज, तथा राम मंदिर क्षेत्र में भी निरीक्षण किया।

# 5 वर्ष से लंबी प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश



**रतलाम। मीटिंग सेल की बैठक प्रधान जिला न्यायाधीश राजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित की गई।**

बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अन्य न्यायाधीशगण तथा अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रधान न्यायाधीश द्वारा विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जावरा तथा आलोट में भूमि आवंटन के संबंध में चर्चा की गई। बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 5 वर्ष से अधिक लंबी अवधि के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किए जाने को आदेशित किया गया है। साथ ही जघन्य तथा सनसनीखेज मामलों की ही प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के संबंध में अवगत कराया गया। प्रधान न्यायाधीश ने निर्देशित किया कि थानों से आने वाले समय में गवाह के मोबाइल नंबर भी जानकारी दी जाए। निगमायुक्त को न्यायालय परिसरों, आवासीय परिसरों में साफ-सफाई तथा उद्यानों के रखरखाव के संबंध में निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि एमएलसी की रिपोर्ट में डॉक्टर का नाम तथा उसकी सील भी अंकित की जाए। श्री गुप्ता ने कहा कि प्रशासकीय अधिकारी किसी भी समस्या के संबंध में जिला कोर्ट को अवगत करा सकते हैं, समन्वय के संबंध में भी सदैव बात की जा सकती है।

नवभारत 6-5

# कालोनियों में आवंटन से बचाए गए ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्गों के भूखंड अब मिलेंगे उनके हकदारों को

## कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम ने कॉलोनाइजर्स को 10 मई से प्रक्रिया आरंभ कर 1 माह में पूर्ण करने के दिए निर्देश



रतलाम। जिले की विभिन्न कालोनियों में ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्गों के लिए उपलब्ध जिन भूखंडों को अब तक उनके हकदारों को आवंटित नहीं किया गया है, वे भूखंड अब आवंटित किए जाने वाले है। आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए कार्रवाई में तेजी लाइ गई है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा बुधवार को संबंधित कॉलोनाइजर्स की बैठक आयोजित की गई। कालोनाइजर्स को निर्देशित किया गया कि आगामी 10 मई से भूखंड आवंटन संबंधी प्रक्रिया आरंभ कर दी जाए। एक माह में प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी होगी। कॉलोनाइजर्स अपनी कॉलोनी में उपलब्ध भूखंडों की जानकारी तथा आवेदन संबंधी विज्ञप्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे। शासन के प्रावधानों के तहत हकदारों को उनका हक मिलना चाहिए। विज्ञप्ति प्रकाशन पश्चात कॉलोनाइजर्स पात्र व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त करेंगे। आवेदन प्राप्ति पश्चात पात्र व्यक्तियों को सूचीबद्ध कर सूची कलेक्टर कार्यालय में उपलब्ध कराई जाएगी जहां उसका परीक्षण करके अंतिम रूप दिया जाएगा। कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात पात्र व्यक्तियों को भूखंड आवंटित करने की कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने बताया कि अभी तक परीक्षण में जिले की 28 कालोनियों में 842 भूखंडों की उपलब्धता सामने आई है इनमें ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 487 तथा एलआईसी वर्ग के लिए 355 भूखंड सम्मिलित है, परीक्षण जारी है। निश्चित रूप से अभी और भी भूखंडों की जानकारी मिलेगी। जिन कॉलोनाइजर्स द्वारा नियमानुसार संबंधित वर्गों को भूखंड आवंटित नहीं किए गए हैं उनकी कालोनियों में उपलब्ध भूखंड अब प्रशासन संबंधित वर्गों को आवंटित करवाने जा रहा है।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रशासन के निर्देश के बाद यदि संबंधित कॉलोनाइजर्स द्वारा आवंटन की कार्यवाही नहीं की जाएगी तो उक्त कार्य प्रशासन द्वारा किया जाएगा। पूर्व में भी यदि भूखंड आवंटन में अनियमितता की गई है तो उसकी जांच की जाएगी। कॉलोनाइजर्स को निर्देशित किया गया कि विज्ञप्ति प्रकाशन के तीन दिवस पूर्व विज्ञप्ति प्रारूप प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे वे अन्य किसी को विक्रय नहीं कर सकेंगे इसके लिए समय सीमा शर्त लागू की जाएगी। उन व्यक्तियों को आवास निर्माण के लिए बैंकों से ऋण सुविधा हेतु प्रशासन मदद करेगा। कॉलोनाइजर अपनी कॉलोनी में उपलब्ध ईडब्ल्यूएस, एलआईजी भूखंडों के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करें। बैठक में डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री अरुण पाठक भी उपस्थित थे।

जिले में स्थित विभिन्न कालोनियों में ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्ग के लिए रिक्त भूमि तथा प्लाट की जानकारी निम्नानुसार है - रतलाम की सम्यक रिसोर्सेज में ईडब्ल्यूएस की 1605 वर्ग मीटर मीटर भूमि तथा एलआईजी की 42.80 वर्ग मीटर मीटर भूमि, सम्यक गोल्ड सिटी कालोनी में जी-2 ब्लाक तथा एलआईजी के 73 भूखण्ड, आदिनाथ सिटी करमदी रोड पर ईडब्ल्यूएस की 430 वर्ग मीटर मीटर भूमि तथा एलआईजी के 22 भूखण्ड, ग्रीन सीटी अशोक नगर में ईडब्ल्यूएस की 465 वर्ग मीटर मीटर भूमि तथा एलआईजी के 23 भूखण्ड, अंजनीधाम कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 26 भूखण्ड तथा एलआईजी के 13 भूखण्ड, अरिहन्त परिसर सेक्टर 1 में ईडब्ल्यूएस के 57 भूखण्ड, निमंत्रण डेवलपर्स कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 7 भूखण्ड एलआईजी का 1 भूखण्ड, अष्ट विनायक रैसीडेंसी कालोनी में एलआईजी के 3 भूखण्ड, एक्सप्रेस सिटी ग्रामीण क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस के 12 भूखण्ड तथा एलआईजी के 11 भूखण्ड, पुखराज रेसीडेंसी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 6 भूखण्ड तथा एलआईजी के 5 भूखण्ड उपलब्ध हैं।

इसी तरह श्री कृष्णविहार कालोनी ग्राम धराड में ईडब्ल्यूएस के 17 भूखण्ड, मिड टाउन कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 11 भूखण्ड एलआईजी के 8 भूखण्ड, मंगलम सिटी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 5 भूखण्ड, ग्लोबस रियल स्टेट डेवलपर्स में ईडब्ल्यूएस का 1 भूखण्ड, समता सिटी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 36 तथा एलआईजी का 1 भूखण्ड शत्रुंजय विहार कालोनी करमदी में ईडब्ल्यूएस के 5 शुभम रेसीडेंसी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 24, त्रिपुंड रियल स्टेट एंड डेवलपर्स की रतलाम ग्रामीण क्षेत्र कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 9 तथा एलआईजी के 9 भूखण्ड, कालोनाइजर चन्द्रप्रकाश भण्डारी की ग्राम हापुखेडी कालोनी मे ईडब्ल्यूएस के 9 तथा एलआईजी के 8 भूखण्ड एवं शगुनश्री कालोनी ऊकाला रोड बजरंग नगर तथा महू-नीमच रौड के पास ईडब्ल्यूएस के 30 तथा एलआईजी के 20 भूखण्ड उपलब्ध हैं।

इसी प्रकार जावरा के मोहन परिसर में ईडब्ल्यूएस का जी-प्लस 2 ब्लाक, राजेन्द्र जैन परिसर में ईडब्ल्यूएस के 10 भूखण्ड एलआईजी के 4 भूखण्ड, रत्नराज परिसर कालोनी ग्राम सुजावत में ईडब्ल्यूएस की 1317 वर्गमीटर भूमि तथा एलआईजी की 878 वर्गमीटर भूमि, अनिल कुमार दसेडा जावरा की कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 84 भूखण्ड तथा एलआईजी के 54 भूखण्ड उपलब्ध हैं। इसी प्रकार आलोट शहर की शिवधाम कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 30 भूखण्ड एलआईजी के 9 भूखण्ड, शिववाटिका कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 6 भूखण्ड एलआईजी के 4 भूखण्ड, सी.एस. एवेन्यू कस्बा विक्रमगढ में ईडब्ल्यूएस के 36 भूखण्ड एलआईजी के 24 भूखण्ड, वीआईपी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 33 भूखण्ड एलआईजी के 24 भूखण्ड, पार्श्वनाथ विहार कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 15 भूखण्ड एलआईजी के 10 भूखण्ड, अरिहन्त विहार कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 12 भूखण्ड एलआईजी के 8 भूखण्ड, ताल शहर की आर.एम. टाउनशीप कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 30 भूखण्ड एलआईजी के 20 भूखण्ड उपलब्ध हैं। इसी प्रकार सैलाना की आनन्द विहार कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 8 भूखण्ड, विजय रियल स्टेट में ईडब्ल्यूएस के 15 भूखण्ड तथा एलआईजी के 10 भूखण्ड उपलब्ध हैं।

तेज [illegible] 1-5

**अनोखी शादी** • बीटेक पास दिव्यांग ने फाइनल ईयर में पढ़ रही दिव्यांग युवती संग लिए फेरे

# कोरोना के पहले मिली नजर, परिवार से सहमति लेकर बंध गए विवाह बंधन में

भास्कर संवाददाता | रतलाम

6-5-22

कोरोना के पहले मप्र प्रदेश विकलांग मंच ने एक कार्यक्रम आयोजित किया था। उसमें पैर से 80 प्रतिशत दिव्यांग युवती और पैर से 50 प्रतिशत दिव्यांग युवक भी आए। दोनों ने एक दूसरे से परिचय किया। सोशल मीडिया पर बातें होती रही। जो प्यार में बदल गई और उन्होंने शादी का मना बनाया और परिवार में प्रस्ताव रखा। सभी ने इस पर मुहर लगा दी और गुरुवार को मप्र विकलांग मंच ने विवाह आयोजन करते हुए उन्हें परिणय सूत्र में बांध दिया। यह कहानी है इमलीपाड़ा निवासी 27 वर्षीय दुर्गा भाभर और 28 वर्षीय बट्टू अलावा निवासी घटबोरी कुक्षी (धार) की। बट्टू इंदौर में प्राइवेट जॉब करते हैं। उनका बीटेक हो चुका है। दुर्गा बीटेक अंतिम वर्ष में है।

मप्र विकलांग मंच का यह पहला मौका है जब शहर में विवाह कार्यक्रम किया है। कोरोना महामारी के पहले मंच के माध्यम से खंडवा में 9 सालों में किए 9 दिव्यांग सामूहिक विवाह में 67 जोड़े परिणय सूत्र में बंध चुके हैं। मंच प्रदेश महासचिव किरण पाटीदार व जिलाध्यक्ष राजेश परमार ने बताया कि दो साल पहले कोरोना महामारी के पूर्व में शहर में दिव्यांगों की समस्याओं को लेकर कार्यक्रम किया था। उस दौरान बट्टू और दुर्गा उसमें शामिल हुए थे। उसी दौरान से उनका परिचय हुआ था।

## मप्र विकलांग मंच ने करवाया विवाह का आयोजन



विवाह बंधन में बंधे दिव्यांग युवक-युवती।

**विवाह के वह रहे साक्षी** - अलकापुरी क्षेत्र स्थित अटल सभागृह में बट्टू और दुर्गा ने जिंदगी की नई शुरुआत की। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सामाजिक न्याय व निःशक्त कल्याण उपसंचालक संध्या शर्मा, समाजसेवी गोविंद काकानी, मंच के प्रदेशाध्यक्ष आनंद मालाकार ने नवयुगल जोड़े को आशीर्वाद दिया। मंच जिला उपाध्यक्ष नियाज मंसूरी, जिला सचिव शंभूलाल चौधरी, जिला संयोजक ईश्वरलाल वर्मा, भेरूलाल विश्वकर्मा, नितिन पाटीदार, लोकेश वाघमोरे, किरण टटावत, हरीश सोनी, गौरव सिसोदिया, जिला खंडवा से धर्मेंद्र मालाकार सहित बड़ी संख्या में दिव्यांगजन व अन्य मौजूद रहे।

# दस्तावेजों में गरीब बताकर बेचे प्लाट, अनुमति नहीं ली

**गड़बड़ :** कालोनियों में ईडब्लयूएस व एलआइजी वर्ग के लिए आरक्षित प्लाटों का मामला, कई कालोनाइजरों ने छुपाई असलियत

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। कालोनी एक्ट के नियम में गरीब व निम्न आय वर्ग के लिए आरक्षित प्लाटों को लेकर कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम की मुहिम से उन कालोनाइजरों में हड़कंप मचा हुआ है जिन्होंने दस्तावेजों पर गरीब वर्ग दर्शाकर प्लाट बेच दिए हैं। कलेक्टर ने वास्तविक हकदारों को प्लाट देने के लिए 10 मई से प्रक्रिया शुरू कर एक माह में आवंटन करने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में आरक्षित प्लाटों को लेकर जब भौतिक सत्यापन होगा तो बड़े पैमाने पर गड़बड़ी उजागर होना तय है।

6-5-22

### गड़बड़ी ऐसे हुई

- आवास नहीं होने का शपथ पत्र लेकर प्लाट की रजिस्ट्री संबंधित व्यक्ति के नाम करवा दी गई। इसके कुछ माह बाद ही संबंधित व्यक्ति ने प्लाट अन्य को बेच दिया।
- ईडब्लयूएस व एलआइजी के प्लाटों का क्षेत्रफल व साइज भी बदल दी गई।
- कुछ प्लाट तो एक ही परिवार के अलग-अलग लोगों के नाम से आवंटन करने के बाद एक माह में ही अन्य लोगों को बेच दिए गए।

मालूम हो कि जिले की 28 कालोनियों में 842 प्लाटों की उपलब्धता सामने आई है। इसमें ईडब्ल्यूएस वर्ग के 487 तथा एलआइजी वर्ग के 355 प्लाट शामिल हैं। कलेक्टर के निर्देशों की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में वास्तविक हकदार अपने घर का सपना पूरा करने की आस में जानकारी लेने कलेक्टोरेट में पहुंच रहे हैं। कुछ कालोनियों में कालोनाइजरों ने पात्र लोगों को प्लाट नियमानुसार दिए हैं। इससे कालोनी सेल के आंकड़ों व कालोनाइजर के पास रिक्त प्लाट की संख्या में भी अंतर होने की बात सामने आ रही है।

दरअसल शासन स्तर से 13 जनवरी 2022 को राजपत्र में कालोनियों में गरीब व निम्न आय वर्ग के प्लाट को लेकर नियमों में कुछ बदलाव किए हैं। इसमें कालोनाइजर को पात्र व्यक्तियों को प्लाट देने के बाद सक्षम अधिकारी को सूची भेजना होगी। इसमें अनुमोदन का जिक्र नहीं है। इधर इस बदलाव से पहले बिके प्लाटों को लेकर पेंच फंसा हुआ है। बुधवार को बैठक में कलेक्टर ने कालोनाइजरों को सहजता से निर्देशित भी किया कि पात्र हितग्राहियों को आवंटन संबंधी दस्तावेज हो तो पेश कर दें, जरूरी संशोधन भी कर दिया जाएगा। इधर कुछ कालोनाइजरों ने प्लाट बेच तो दिए हैं, लेकिन तत्कालीन नियमों के मान से सक्षम अधिकारी से अनुमोदन नहीं कराया। पर्याप्त दस्तावेज नहीं मिलने से कालोनी सेल में भी प्लाटों की संख्या कम नहीं की गई। शहरी विकास अभिकरण अधिकारी अरुण पाठक ने बताया कि कालोनाइजर अपनी जानकारी सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर दें। प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

आयुक्त को फल-सब्जी के फुटकर विक्रेताओं के लिए पीने के पानी सहित अन्य व्यवस्था के दिए निर्देश

# विरोध के बाद सब्जी मंडी की नई व्यवस्था लागू

## कलेक्टर ने मौके पर सब्जी विक्रेताओं से की बात

बाजार से सब्जी की दुकानें हटने से कुछ इस तरह खुली-खुली नजर आई सड़कें



6-5-22

फॉलोअप



पत्रिका

प्रकाशित खबर।





पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर के भीतर फुटकर फल-सब्जी विक्रेताओं के विरोध के बावजूद गुरुवार से नई प्रशासन ने एवं कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम स्वयं टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर ने फल-सब्जी था जिससे कि खुली सब्जी लेने के लिए यहां पर कोई आवाजाही न कर सके। यहां शहर के अन्य हिस्सों से सिर्फ उन्हे ही मंडी के भीतर प्रवेश दिया गया, शेष को नहीं आने दिया।

### सड़कें नजर आने

आया। साथ ही शहर के अन्य हिस्सों से भी सब्जी मंडी के हटने से वहां की सड़कों पर यातायात का दबाव

### कलेक्टर ने त्रिवेणी क्षेत्र में देखी व्यवस्था

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने चांदनी चौक साइड की सब्जी मंडी के त्रिवेणी के समीप शिफ्ट होने के बाद वहां पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान निगमायुक्त को पेयजल की बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए। सब्जी विक्रेताओं से चर्चा करते हुए कहा कि पुराने दुकानदारों को स्थान आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। नवीन विक्रेताओं को भी स्थान मिलेगा। कलेक्टर ने निगम के अधिकारियों को सब्जी विक्रेताओं

# झाली तालाब में जाल फेंकने से चार कछुओं की हो गई मौत

## चार-पांच युवकों ने तालाब में से निकाला जाल

भास्कर संवाददाता | रतलाम

6-5-22

श्री कालिका माता क्षेत्र स्थित झाली तालाब में अज्ञात व्यक्ति ने जाल फेंका। चार कछुओं की मौत हो गई, तीन को जाल से निकालकर पुनः तालाब में डाला गया।

श्री कालिका माता क्षेत्र स्थित झाली तालाब पर सुरक्षा बल होने के बाद भी अज्ञात लोगों ने जाल डाल दिया। कछुओं की मौत हो गई। हिंदू जागरण मंच के मिथलेश माली दो-तीन साथियों के साथ गुरुवार सुबह झाली तालाब की ओर गए थे। जहां उन्होंने देखा एक-दो कछुए मरे होकर पानी के ऊपर थे। उन्होंने साथियों व आस-पास की दुकान संचालकों के साथ मिलकर झाली तालाब की बाउंड्री में गए और कछुओं को निकालने का प्रयास किया तो हाथों में जाल आया। जाल खिंचना शुरू किया तो आधा जाल टूट कर पानी में चला गया और आधे जाल में चार कछुए मृत अवस्था में और तीन कछुए तड़प रहे थे, जिन्हें तालाब में छोड़ा।

**जाल डाल दिया** - झाली तालाब में पूर्व में कई लोगों को मौत हो चुकी हैं। इसे देखते हुए सुरक्षा के चलते नगर निगम द्वारा कर्मचारी और पुलिस विभाग द्वारा जवान तैनात रहता है। उसके बाद भी अज्ञात व्यक्ति ने मछलियां पकड़ने के लिए यहां जाल डाल दिया और किसी को पता नहीं चला। बताया जाता है कि



जाल फंसने से कछुए मर गए।

### प्लास्टिक के झोले में भरकर फेंका था जाल

मिथिलेश माली, पप्पू, वैभव साठे ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने प्लास्टिक (खाद की बोरी) के झोले में जाल भरकर तालाब में फेंका और रस्सी बाउंड्री के पास पत्थर में दबा कर रखी थी। कछुओं को मृत देखा तो जाल का पता चला। जाल खिंचने पर वह आधा टूटकर तालाब में चला गया। नगर निगम के कर्मचारी आए थे और घटना की जानकारी दी, लेकिन उनका कहना था वे मोटर सुधारने आए हैं।

टूटा जाल आधा अभी तालाब में है। जिसे निकाला नहीं है। मिथलेश माली सहित अन्य ने बताया मौके पर मौजूद निगम कर्मचारियों को टूटे हुए जाल के बारे में अवगत करा दिया था, उसके बाद भी नहीं निकाला।

---

जीएफसी स्टार रेटिंग

# प्री सर्वे हुआ शुरू, सोमवार को फाइनल सर्वे टीम आ सकती है

## वाटर प्लस के लिए भी दावे की तैयारी में निगम

**भास्कर एक्सक्लूसिव**

भास्कर संवाददाता | रतलाम

6-5-22

दो साल से गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) में जीरो लाने वाला नगर निगम इस बार फाइव रेटिंग के लिए जोर लगा रहा है। निगम आईईसी संस्था के माध्यम से प्री सर्वे करवा रहा है। इसकी एक वजह फाइनल सर्वे की तैयारी है, जो 9 मई बाद कभी भी हो सकता है। दिल्ली की टीम ने फाइव स्टार दावे के साथ निगम द्वारा भेजे दस्तावेज चेक करना शुरू कर दिए हैं। नगर निगम ने वाटर प्लस का दावा ठोंकने की तैयारी की है। वह ओडीएफ डबल प्लस, जिसका सर्वे हो चुका है उसका और जीएफसी सर्वे निपटने की राह देख रहा है। सब सही रहा तो निगम वाटर प्लस सर्वे का आवेदन भेज देगा।

**घर-घर जाकर दे रहे समझाइश** - प्री सर्वे शहर के सभी 49 वार्ड में हो रहा है। दरोगा से लेकर सफाई कर्मचारी तक सभी जुटे हैं। नागरिकों से सफाई और कचरा कलेक्शन का फीडबैक लेने के साथ उन्हें समझाइश दी जा रही है, टीम सर्वे करने आए तो किस तरह और कैसे जवाब देना है। यह प्री-सर्वे शनिवार तक चलेगा।

### 7500 अंक के सर्वेक्षण में किसके-कितने अंक

- प्रमाणीकरण - 2250
- गार्बेज फ्री सिटी स्टार रेटिंग - 1250
- ओडीएफ डबल प्लस और वॉटर प्लस 1000

**कलेक्शन वाहनों ने 253 ट्रिप लगाकर उठाया 109 मीट्रिक टन कचरा**- आगामी दिनों में होने वाले जीएफसी सर्वे को लेकर निगम ज्यादा से ज्यादा कचरा उठवा रहा है। गुरुवार को कलेक्शन वाहनों ने 253 ट्रिप लगाकर 109 मीट्रिक टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया। कलेक्शन वाहन से सूखा कचरा 56285 किलो और गीला 24895 किलो, डंपर से 23165 किलो, ट्रैक्टर से 4745 किलो, सेनेटरी वेस्ट 4.2, घरेलू हानिकारक 3 किलो कचरा शामिल हैं।

---

# 19 सफाई मित्र ऑफ ड्यूटी मिले, कटेगा वेतन

रतलाम | निरीक्षण के दौरान गुरुवार को 19 सफाई कर्मचारी मित्र नहीं मिले। इनमें सुबह की शिफ्ट के 14 और दोपहर की शिफ्ट के 5 कर्मचारी शामिल हैं। पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी का एक दिन का वेतन काट दिया है। सभी को सूचना-पत्र भी जारी किया है।

---

# मुखर्जी नगर टंकी पर 12 लाख से बनेगा संपवेल




रतलाम | मुखर्जी नगर तथा आसपास के क्षेत्रों में पेयजल वितरण के लिए पानी की टंकी क्षेत्र में गुरुवार को संपवेल निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ। विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयास से बनने वाले संपवेल पर 12 लाख रुपए खर्च होंगे। बजरंग पुरोहित, मनोज शर्मा, अरुण राव, मयूर पुरोहित, विनोद यादव, सीमा टांक, पवन सोमानी, दिव्या शर्मा, शांति पाटीदार, आशा पाटीदार, अनिता वसावा, जलप्रदाय प्रभारी हनीफ शेख, इंजीनियर भैय्यालाल चौधरी आदि मौजूद रहे।

भास्कर 6-5

# कालोनियों में आवंटन से बचाए गए ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्गों के भूखंड अब मिलेंगे उनके हकदारों को

## कलेक्टर ने कॉलोनाइजर्स को 10 मई से प्रक्रिया आरंभ कर 1 माह में पूर्ण करने के दिए निर्देश

रतलाम, संवाददाता द्वारा। जिले की विभिन्न कालोनियों में ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्गों के लिए उपलब्ध जिन भूखंडों को अब तक उनके हकदारों को आवंटित नहीं किया गया है, वे भूखंड अब आवंटित किए जाने वाले है। आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए कार्रवाई में तेजी लाइ गई है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा बुधवार को संबंधित कॉलोनाइजर्स की बैठक आयोजित की गई। कालोनाइजर्स को निर्देशित किया गया कि आगामी 10 मई से भूखंड आवंटन संबंधी प्रक्रिया आरंभ कर दी जाए। एक माह में प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी।



कलेक्टर ने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी होगी। कॉलोनाइजर्स अपनी कॉलोनी में उपलब्ध भूखंडों की जानकारी तथा आवेदन संबंधी विज्ञप्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे। शासन के प्रावधानों के तहत हकदारों को उनका हक मिलना चाहिए। विज्ञप्ति प्रकाशन पश्चात कॉलोनाइजर्स पात्र व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त करेंगे। आवेदन प्राप्ति पश्चात पात्र व्यक्तियों को सूचीबद्ध कर सूची कलेक्टर कार्यालय में उपलब्ध कराई जाएगी जहां उसका परीक्षण करके अंतिम रूप दिया जाएगा। कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात पात्र व्यक्तियों को भूखंड आवंटित करने की कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर ने बताया कि अभी तक परीक्षण में जिले की 28 कालोनियों में 842 भूखंडों की उपलब्धता सामने आई है इनमें ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 487 रूप से अभी और भी भूखंडों की जानकारी मिलेगी। जिन कॉलोनाइजर्स द्वारा नियमानुसार संबंधित वर्गों को भूखंड आवंटित नहीं किए गए हैं उनकी कालोनियों में उपलब्ध भूखंड अब प्रशासन संबंधित वर्गों को आवंटित करवाने जा रहा है।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रशासन के निर्देश के बाद यदि संबंधित कॉलोनाइजर्स द्वारा आवंटन की कार्यवाही नहीं की जाएगी तो उक्त कार्य प्रशासन द्वारा किया जाएगा। पूर्व में भी यदि भूखंड आवंटन में अनियमितता की गई है तो उसकी जांच की जाएगी। कॉलोनाइजर्स को निर्देशित किया गया कि विज्ञप्ति प्रकाशन के तीन दिवस पूर्व विज्ञप्ति प्रारूप प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए। वे अन्य किसी को विक्रय नहीं कर सकेंगे इसके लिए समय सीमा शर्त लागू की जाएगी। उन व्यक्तियों को आवास निर्माण के लिए बैंकों से ऋण सुविधा हेतु प्रशासन मदद करेगा। कॉलोनाइजर अपनी कॉलोनी में उपलब्ध ईडब्ल्यूएस, एलआईजी भूखंडों के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करें। बैठक में डिप्टी कलेक्टर सुश्री कृतिका भीमावद, परियोजना अधिकारी शहरी विकास श्री अरुण पाठक भी उपस्थित थे।

जिले में स्थित विभिन्न कालोनियों में ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्ग के लिए रिक्त भूमि तथा प्लाट की जानकारी नि नानुसार है - रतलाम की स यक रिसोर्सेज में ईडब्ल्यूएस की 1605 वर्ग मीटर मीटर भूमि तथा एलआईजी की तथा एलआईजी के 73 भूखण्ड, आदिनाथ सिटी करमदी रोड पर ईडब्ल्यूएस की 430 वर्ग मीटर मीटर भूमि तथा एलआईजी के 22 भूखण्ड, ग्रीन सीटी अशोक नगर में ईडब्ल्यूएस की 465 वर्ग मीटर मीटर भूमि तथा एलआईजी के 23 भूखण्ड, अंजनीधाम कालोनी में ईड्ब्ल्यूएस के 26 भूखण्ड तथा एलआईजी के 13 भूखण्ड, अरिहन्त परिसर सेक्टर 1 में ईडब्ल्यूएस के 57 भूखण्ड, निमंत्रण डेवलपर्स कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 7 भूखण्ड एलआईजी का 1 भूखण्ड, अष्ट विनायक रेसीडेंसी कालोनी में एलआईजी के 3 भूखण्ड, एक्सप्रेस सिटी ग्रामीण क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस के 12 भूखण्ड तथा एलआईजी के 11 भूखण्ड, पुखराज रेसीडेंसी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 6 भूखण्ड तथा एलआईजी के 5 भूखण्ड उपलब्ध हैं।

इसी तरह कृष्णविहार कालोनी ग्राम धराड में ईडब्ल्यूएस के 17 भूखण्ड, मिड टाउन कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 11 भूखण्ड एलआईजी के 8 भूखण्ड, मंगलम सिटी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 5 भूखण्ड, ग्लोबस रियल स्टेट डेवलपर्स में ईडब्ल्यूएस का 1 भूखण्ड, समता सिटी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 36 तथा एलआईजी का 1 भूखण्ड शत्रुंजय विहार कालोनी करमदी में ईडब्ल्यूएस के 5 शुभम रेसीडेंसी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 24, त्रिपुंड रियल स्टेट एंड डेवलपर्स की रतलाम ग्रामीण क्षेत्र कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 9 तथा एलआईजी के 9 ईडब्ल्यूएस के 9 तथा एलआईजी के 8 भूखण्ड एवं शगुनश्री कालोनी ऊकाला रोड बजरंग नगर तथा महू-नीमच रोड के प्रास ईडब्ल्यूएस के 30 तथा एलआईजी के 20 भूखण्ड उपलब्ध हैं।

इसी प्रकार जावरा के मोहन परिसर में ईडब्ल्यूएस का जी-प्लस 2 ब्लाक, राजेन्द्र जैन परिसर में ईडब्ल्यूएस के 10 भूखण्ड एलआईजी के 4 भूखण्ड, रत्नराज परिसर कालोनी ग्राम सुजावत में ईडब्ल्यूएस की 1317 वर्गमीटर भूमि तथा एलआईजी की 878 वर्गमीटर भूमि, अनिल कुमार दसेडा जावरा की कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 84 भूखण्ड तथा एलआईजी के 54 भूखण्ड उपलब्ध हैं। इसी प्रकार आलोट शहर की शिवधाम कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 30 भूखण्ड एलआईजी के 9 भूखण्ड, शिववाटिका कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 6 भूखण्ड एलआईजी के 4 भूखण्ड, सी.एस. एवेन्यू कस्बा विक्रमगढ में ईडब्ल्यूएस के 36 भूखण्ड एलआईजी के 24 भूखण्ड, वीआईपी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 33 भूखण्ड एलआईजी के 24 भूखण्ड, पार्श्वनाथ विहार कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 15 भूखण्ड एलआईजी के 10 भूखण्ड, अरिहन्त विहार कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 12 भूखण्ड एलआईजी के 8 भूखण्ड, ताल शहर की आर.एम. टाउनशीप कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 30 भूखण्ड एलआईजी के 20 भूखण्ड उपलब्ध हैं। इसी प्रकार सैलाना की आनन्द विहार कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 8 भूखण्ड, विजय रियल स्टेट में

# इंदौर, खंडवा, धार, रतलाम सहित दस शहरों में बनाए जाएंगे 18 ओवर ब्रिज

## प्रदेश में यातायात होगा सुगम • केंद्र सरकार ने मंजूर किए 105 करोड़ रुपये

नई दुनिया

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। इंदौर, धार, खंडवा, रतलाम सहित प्रदेश के अन्य नगरीय क्षेत्रों में यातायात सुगम बनाने के लिए सरकार 18 ओवर ब्रिज (ऊपरगामी पुल) बनाएगी। ये पुल केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत सेतु बंधन योजना के तहत बनाए जाएंगे। इसमें मध्य प्रदेश के लिए 105 करोड़ रुपये का प्रविधान किया गया है। लोक निर्माण विभाग ने केंद्र सरकार का पत्र प्राप्त होने के बाद सभी मुख्य अभियंताओं को निर्देश दिए हैं कि वे नगरीय निकायों से चर्चा कर प्रस्ताव भेजें ताकि इन्हें केंद्र सरकार को भेजकर स्वीकृति प्राप्त की जा सके। 18 प्रस्तावित ओवर ब्रिज में सर्वाधिक पांच इंदौर में बनेंगे।

प्रदेश में अधोसंरचना विकास के कामों को गति देने के लिए राज्य सरकार कार्ययोजना बनाकर काम कर रही है। केंद्रीय सड़क निधि में इस वर्ष मध्य प्रदेश के लिए 1800 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इसमें ग्वालियर में स्वर्णरेखा नदी पर 447 करोड़ रुपये की लागत से एलीवेटेड फ्लाइओवर बनाया जाएगा। इसके लिए निविदा जारी करने की तैयारी हो गई है, वहीं भोपाल के बैरागढ़ में ओवर ब्रिज बनाना भी प्रस्तावित है। इसकी स्वीकृति भी केंद्र सरकार से मिल चुकी है। प्रथम अनुपूरक बजट में इसके लिए प्रविधान किया जाएगा। इसके साथ ही केंद्रीय सड़क निधि के तहत सेतु बंधन योजना में अब ओवर ब्रिज के लिए अलग से प्रविधान किए जाने का लाभ भी मध्य प्रदेश को मिलेगा।

### तैयारी तेज

- केंद्री[illegible] निधि के तह[illegible] [illegible]तु बंधन योजना में किया प्रविधान
- लोक निर्माण विभाग ने मुख्य अभियंताओं को निकायों से चर्चा के बाद प्रस्ताव भेजने के दिए निर्देश



6-5

### राज्य उठाएगा भूमि अधिग्रहण का खर्च

योजना के मुताबिक, यदि ओवर ब्रिज बनाने के लिए भूमि अधिग्रहण करने की आवश्यकता पड़ती है तो इसका खर्च राज्य सरकार को उठाना होगा। इसके अलावा बिजली के खंबे, पाइप लाइन को स्थानांतरित करना पड़ता है तो इसमें होने वाले व्यय का भार भी राज्य को ही वहन करना होगा। ओवर ब्रिज के निर्माण का पूरा खर्च केंद्र सरकार उठाएगी।

### यहां, इतने ओवर ब्रिज का प्रस्ताव

- विभाग की ओर से प्रारंभिक तौर पर इस वर्ष के लिए 18 ओवर ब्रिज बनाना प्रस्तावित किया जा रहा है।
- इसमें इंदौर में पांच, भोपाल में तीन, ग्वालियर, जबलपुर और सागर में दो-दो, रतलाम, खंडवा, धार, छतरपुर और विदिशा में एक-एक ओवर ब्रिज बनाने का प्रस्ताव है।
- सूत्रों का कहना है कि नगरीय निकायों से चर्चा के बाद जो मांग सामने आएगी, उसके अनुसार सरकार के स्तर से नीतिगत निर्णय लिया जाएगा।

### शहरों में इसलिए जरूरी ब्रिज

इंदौर समेत कई शहरों में यातायात लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में ओवर ब्रिज के बनने इसमें राहत मिलेगी, वहीं दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

# विक्रेताओं से पहले खरीदार पहुंचे, बाजार भी खुला-खुला

6-5-22

## बदला नजारा : चार स्थानों पर फल-सब्जी विक्रय की व्यवस्था, आज सैलाना ब्रिज के नीचे स्थान देंगे

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर में सड़क किनारे बैठकर सब्जी बेचने पर प्रतिबंध लगाने के बाद पहले दिन गुरुवार को तय स्थान कल्याण नगर में फल-सब्जी विक्रेताओं ने व्यापार किया। यहां सुबह छह बजे से ही खरीदार पहुंच गए थे जबकि विक्रेता सात बजे तक आए। शुक्रवार को सैलाना रोड ब्रिज के नीचे सब्जी विक्रय की व्यवस्था बनाई जाएगी। सड़कों से सब्जी विक्रेताओं के हटने से मुख्य बाजार व सड़कें चौड़ी दिखाई दी और आवागमन भी बाधित नहीं हुआ। पहले दिन कल्याणनगर में 150 सब्जी विक्रेता और 45 फल विक्रेताओं ने दुकानें लगाई। इनसे सात दिन तक बाजार बैठक वसूली नहीं की जाएगी।

मालूम हो कि शहर में त्रिवेणी स्थित कल्याण नगर के समीप, जवाहर नगर ग्रिड के पास, सैलाना रोड ब्रिज के नीचे व साक्षी पेट्रोप पंप के सामने ही तय स्थान पर फल व सब्जी का विक्रय करने की व्यवस्था प्रशासन ने की है। कल्याण नगर में निगम सहायक राजस्व निरीक्षक सुनील कपूर, पवन सोलंकी आदि ने चूने की लाइन डालकर विक्रेताओं को स्थान देकर सूची बनाई। दोपहर में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने एसपी अभिषेक तिवारी के साथ निरीक्षण कर निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को पेयजल की बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए। सब्जी विक्रेताओं से चर्चा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि पुराने दुकानदारों को प्राथमिकता दी जाएगी। नवीन विक्रेताओं को भी स्थान मिलेगा। इसके पूर्व कलेक्टर ने सैलाना ब्रिज, राम मंदिर क्षेत्र में भी निरीक्षण किया।



सड़कों पर सब्जी विक्रेताओं के नहीं बैठने से मार्ग पर आवाजाही आसानी से होती रही। • नईदुनिया

### फेरी वाले हटे, लेकिन कारों का जमावड़ा

सड़कों से सब्जी वालों के हटने के बाद गुरुवार को दिन भर घास बाजार, चांदनीचौक, चौमुखीपुल, त्रिपोलिया गेट व अन्य क्षेत्रों में वाहनों की आवाजाही में परेशानी नहीं हुई। यहां पहले दो पहिया वाहन निकालने में भी मशक्कत करना पड़ती थी। फल-सब्जी बेचने वालों को हटाने से राहत तो मिली है, लेकिन क्षेत्र में नियम विपरीत निर्माण और भवनों में पार्किंग की व्यवस्था न करने से सड़कों पर दिनभर कारें व अन्य बड़े वाहन खड़े रहते है। इससे मार्ग का आधा हिस्सा बाधित हो जाता है।

**सब्जी की किल्लत भी हुई :** नई व्यवस्था को लेकर बुधवार को सब्जी विक्रेताओं ने दुकानें नहीं लगाई थी जबकि गुरुवार को कल्याण नगर में भी ग्रामीण क्षेत्र के विक्रेता ज्यादा पहुंचे। दुकानें नहीं लगने से पटरी पार क्षेत्र में सब्जी को लेकर किल्लत भी हुई। शुक्रवार से चारों स्थानों पर व्यापार शुरू होने से राहत मिलने की संभावना है।



घास बाजार, चांदनीचौक क्षेत्र के भवनों मे पार्किंग नही होने से सड़क पर कारे खड़ी रहती है। इससे यातायात प्रभावित होता है। • नईदुनिया

# सब्जी विक्रेताओं को नई व्यवस्था से परहेज : ग्रामीण क्षेत्रों से आए फुटकर विक्रेताओं को सब्जी बेचने से रोका, पूर्व गृहमंत्री से मिलने पहुंचे



**रतलाम।** शहर में चार नए स्थानों पर सब्जी-फल व्यवसाय विक्रय की योजना तैयार होने के बाद प्रशासन के इस फैसले के विरोध में फुटकर सब्जी-फल विक्रेता लामबंद हो गए हैं। मंगलवार की तर्ज पर बुधवार को भी नई व्यवस्था से नाराज सब्जी-फल विक्रेताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों से आए फुटकर विक्रेताओं को सब्जी नहीं बेचने दी। इसके लिए बड़ी संख्या में सब्जी-फल के फुटकर विक्रेता पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी के निवास पर मिलने भी पहुंचे। शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर 5 मई से सिर्फ 4 स्थानों पर ही फल-सब्जी मिलेगी। सैलाना ओवर ब्रिज के नीचे, साक्षी पेट्रोल पंप के सामने, विनोबा नगर ग्रिड के पास एवं त्रिवेणी रोड (कल्याणनगर) के सामने मंडी लगाई जाएगी। जिला प्रशासन के इस निर्णय पर मंगलवार को त्रिपोलिया गेट क्षेत्र के फुटकर सब्जी विक्रेताओं ने धरना दिया था। इसके बाद बुधवार सुबह को प्रशासन के उक्त निर्णय के विरोध स्वरूप एकजुट हुए और दुकानें नहीं लगाने के अलावा ग्रामीण क्षेत्र से सब्जी लेकर आने वालों को रोका गया। नाराज फुटकर विक्रेता धर्मेंद्र बोरीवाल, विजय माली, सोनू सिसौदिया आदि ने वंदेमातरम् न्यूज को बताया हमें त्रिवेणी रोड पर जगह देने की कह रहा है। शहरवासी इतनी दूर सब्जी और फल खरीदने नहीं आएंगे, जिससे वह स्वयं का और परिवार का पालन-पोषण कैसे करेंगे? फुटकर विक्रेताओं ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि वर्तमान में वह जहां सब्जी और फल बेच रहे हैं, उसी स्थान पर लाइन खींच दी जाए। इसके बाद हम लाइन से बाहर सामान रखते हैं या फिर नियम तोड़ते हैं तो हमारे खिलाफ कार्रवाई करने के अलावा सामान जब्त किया जाए।

**सुबह से ऐसा जताया नई व्यवस्था का विरोध-** सभी फुटकर सब्जी और फल विक्रेता बुधवार सुबह नीलाम मंडी पहुंचे। यहां पर सब्जी और फल के थोक विक्रेताओं को नीलाम नहीं करने के लिए तैयार किया। इसके बाद सभी सब्जी और फल के फुटकर विक्रेता एकजुट होकर शहर के अलग-अलग मार्गों पर निकले और उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों से आए फुटकर विक्रेताओं को सब्जी-फल बेचने से रोकने का आह्वान करते हुए कहा कि आज तुम साथ नहीं दोगे तो कल हम सबको परेशान होना पड़ेगा। सभी ने दोपहिया वाहनों पर सवार होकर सैलाना बस स्टैंड, गायत्री टॉकीज रोड, शहीद चौक, लुहार रोड, नीमचौक, बाजना बस स्टैंड आदि क्षेत्रों में घूमकर विरोध जताने के साथ सड़क पर सब्जी और फल बेचने वालों की पोटलियां बंधवा दी।

6-5-22

**28 कॉलोनियों में रिक्त 842 भूखण्डों का मामला**

# कॉलोनाइजर प्लाट आवंटन नहीं करेगा तो प्रशासन द्वारा आवंटन की कार्रवाई की जाएगी

## 10 मई से प्रारंभ होगी प्रक्रिया एक माह में करनी होगी पूर्ण

रतलाम ● स्वदेश समाचार

जिन कॉलोनियों में हकदारों को अभी तक भूखण्डों का आवंटन नहीं हुआ है वहां 10 मई से प्लाट आवंटन का कार्य कॉलोनाइजर प्रारंभ कर एक माह में प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा संबंधित कॉलोनाइजर्स की बैठक आयोजित कर निर्देशित किया गया कि 10 मई से भूखंड आवंटन संबंधी प्रक्रिया आरंभ कर दी जाए। एक माह में प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाए। कलेक्टर ने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया पारदर्शी होगी। कॉलोनाइजर्स अपनी कॉलोनी में उपलब्ध भूखंडों की जानकारी तथा आवेदन संबंधी विज्ञप्ति समाचार पत्रों में प्रकाशित करेंगे। शासन के प्रावधानों के तहत हकदारों को उनका हक मिलना चाहिए। विज्ञप्ति प्रकाशन पश्चात कॉलोनाइजर्स पात्र व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त करेंगे। आवेदन प्राप्ति पश्चात पात्र व्यक्तियों को सूचीबद्ध कर सूची कलेक्टर कार्यालय में उपलब्ध कराई जाएगी जहां उसका परीक्षण करके अंतिम रूप दिया जाएगा। कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात पात्र व्यक्तियों को भूखंड आवंटित करने की कार्रवाई की जाएगी।

### एलआईसी वर्ग के लिए 355 भूखंड सम्मिलित

कलेक्टर ने बताया कि अभी तक परीक्षण में जिले की 28 कॉलोनियों में 842 भूखंडों की उपलब्धता सामने आई है इनमें ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 487 तथा एलआईसी वर्ग के लिए 355 भूखंड सम्मिलित है, परीक्षण जारी हैं। निश्चित रूप से अभी और भी भूखंडों की जानकारी मिलेगी। जिन कॉलोनाइजर्स द्वारा नियमानुसार संबंधित वर्गों को भूखंड आवंटित नहीं किए गए हैं उनकी कॉलोनियों में उपलब्ध भूखंड अब प्रशासन संबंधित वर्गों को आवंटित करवाने जा रहा है।

इसी तरह श्री कृष्ण विहार कॉलोनी ग्राम धराड़ में ईडब्ल्यूएस के 17 भूखण्ड, मिड टाउन कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के 11 भूखण्ड एलआईजी के 8 भूखण्ड, मंगलम सिटी कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के 5 भूखण्ड, ग्लोबस रियल स्टेट डेवलपर्स में ईडब्ल्यूएस का 1 भूखण्ड, समता सिटी कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के 36 तथा एलआईजी का 1 भूखण्ड शत्रुंजय विहार कॉलोनी करमदी में ईडब्ल्यूएस के 5 शुभम रेसीडेंसी कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के 24, त्रिपुंड रियल स्टेट एंड डेवलपर्स की रतलाम ग्रामीण क्षेत्र कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 9 तथा एलआईजी के 9 भूखण्ड, कॉलोनाइजर चन्द्रप्रकाश भण्डारी की ग्राम हापुखेड़ी कॉलोनी मे ईडब्ल्यूएस के 9 तथा एलआईजी के 8 भूखण्ड एवं शगुनश्री कॉलोनी ऊकाला रोड बजरंग नगर तथा महू-नीमच रोड के पास ईडब्ल्यूएस के 30 तथा एलआईजी के 20 भूखण्ड उपलब्ध हैं।

इसी प्रकार जावरा के मोहन परिसर में ईडब्ल्यूएस का जी-प्लस 2 ब्लाक, राजेन्द्र जैन परिसर में ईडब्ल्यूएस के 10 भूखण्ड एलआईजी के 4 भूखण्ड, रत्नराज परिसर कॉलोनी ग्राम सुजावत में ईडब्ल्यूएस की 1317 वर्गमीटर भूमि तथा एलआईजी की 878 वर्गमीटर भूमि, अनिल कुमार दसेड़ा जावरा की कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के 84 भूखण्ड तथा एलआईजी के 54 भूखण्ड उपलब्ध हैं। इसी प्रकार आलोट शहर की शिवधाम कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के 30 भूखण्ड एलआईजी के 9 भूखण्ड, शिव वाटिका कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के 6 भूखण्ड एलआईजी के 4 भूखण्ड, सी.एस. एवेन्यू कस्बा विक्रमगढ़ में ईडब्ल्यूएस के 36 भूखण्ड एलआईजी के 24 भूखण्ड, वीआईपी कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के 33 भूखण्ड एलआईजी के 24 भूखण्ड, पार्श्वनाथ विहार कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के 15 भूखण्ड एलआईजी के 10 भूखण्ड, अरिहन्त विहार कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के 12 भूखण्ड एलआईजी के 8 भूखण्ड, ताल शहर की आर.एम. टाउनशीप कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के 30 भूखण्ड एलआईजी के 20 भूखण्ड उपलब्ध हैं। इसी प्रकार सैलाना की आनन्द विहार कॉलोनी में ईडब्ल्यूएस के 8 भूखण्ड, विजय रियल स्टेट में ईडब्ल्यूएस के 15 भूखण्ड तथा एलआईजी के 10 [illegible] हैं।

### अनियमितता की जांच की जाएगी

स्वदेश 6-5-22

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि प्रशासन के निर्देश के बाद यदि संबंधित कॉलोनाइजर्स द्वारा आवंटन की कार्यवाही नहीं की जाएगी तो उक्त कार्य प्रशासन द्वारा किया जाएगा। पूर्व में भी यदि भूखंड आवंटन में अनियमितता की गई है तो उसकी जांच की जाएगी। कॉलोनाइजर्स को निर्देशित किया गया कि विज्ञप्ति प्रकाशन के तीन दिवस पूर्व विज्ञप्ति प्रारूप प्रशासन को उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन व्यक्तियों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे वे अन्य किसी को विक्रय नहीं कर सकेंगे इसके लिए समय सीमा शर्त लागू की जाएगी। उन व्यक्तियों को आवास निर्माण के लिए बैंकों से ऋण सुविधा हेतु प्रशासन मदद करेगा। कॉलोनाइजर अपनी कॉलोनी में उपलब्ध ईडब्ल्यूएस, एलआईजी भूखंडों के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करें। जिले में स्थित विभिन्न कालोनियों में ईडब्ल्यूएस तथा एलआईजी वर्ग के लिए रिक्त भूमि तथा प्लाट की जानकारी निम्नानुसार है - रतलाम की सम्यक रिसोर्सेज में ईडब्ल्यूएस की 1605 वर्ग मीटर मीटर भूमि तथा एलआईजी की 42.80 वर्ग मीटर मीटर भूमि, सम्यक गोल्ड सिटी कालोनी में जी-2 ब्लाक तथा एलआईजी के 73 भूखण्ड, आदिनाथ सिटी करमदी रोड पर ईडब्ल्यूएस की 430 वर्ग मीटर मीटर भूमि तथा एलआईजी के 22 भूखण्ड, ग्रीन सीटी अशोक नगर में ईडब्ल्यूएस की 465 वर्ग मीटर मीटर भूमि तथा एलआईजी के 23 भूखण्ड, अंजनीधाम कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 26 भूखण्ड तथा एलआईजी के 13 भूखण्ड, [illegible] परिसर सेक्टर 1 में ईडब्ल्यूएस के 57 भूखण्ड, निमंत्रण डेवलपर्स कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 7 भूखण्ड एलआईजी का 1 भूखण्ड, अष्टविनायक रेसीडेंसी कालोनी में एलआईजी के 3 भूखण्ड, एक्सप्रेस सिटी ग्रामीण क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस के 12 भूखण्ड तथा एलआईजी के 11 भूखण्ड, पुखराज रेसीडेंसी कालोनी में ईडब्ल्यूएस के 6 भूखण्ड तथा एलआईजी के 5 भूखण्ड उपलब्ध हैं।

# कलक्टर ने मौके पर सब्जी विक्रेताओं से ...

बाजार से सब्जी की दुकानें हटने से कुछ इस तरह खुली-खुली नजर आई सड़कें



6-5-22

फॉलोअप



पत्रिका

प्रकाशित खबर।





पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर के भीतर फुटकर फल-सब्जी विक्रेताओं के विरोध के बावजूद गुरुवार से नई प्रशासन ने व्यवस्था को लागू कर दिया। शहर के मुख्य मार्गों से फल-सब्जी की दुकानें हटते साथ ही सड़कें चौड़ी नजर आने लग गई। वहीं दूसरी ओर शहर के चार हिस्सों में मंडी की शुरुआत के बाद यहां व्यवस्था के हाल जानने के लिए निगम प्रशासक एवं कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम स्वयं टीम के साथ मौके पर पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर ने फल-सब्जी विक्रेताओं से चर्चा कर उनकी समस्या को समझा और उनके निराकरण के लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया।

शहर की सैलाना बस स्टैंड स्थित थोक सब्जी मंडी में गुरुवार को सुबह से पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया था जिससे कि खुली सब्जी लेने के लिए यहां पर कोई आवाजाही न कर सके। यहां शहर के अन्य हिस्सों से घर के लिए सब्जी लेने के लिए आने वाले लोगों पुलिस ने मंडी में प्रवेश ही नहीं करने दिया। पुलिस ने गेट पर प्रवेश करने वालों से उनके परिचय पत्र और कारण पूछा जो लोग सब्जी विक्रेता थे और नियमित रूप से सब्जी बेचने के लिए ले जाते है, सिर्फ उन्हे ही मंडी के भीतर प्रवेश दिया गया, शेष को नहीं आने दिया।

## सड़कें नजर आने लगी चौड़ी

सड़क पर सब्जी और फल बेचने वालों के चलते सकड़ी नजर आ रही सड़कें अब फिर से चौड़ी नजर आने लगी हैं। दिन में लगने वाला जाम भी गुरुवार को कही लगता नजर नहीं आया। साथ ही शहर के अन्य हिस्सों से भी सब्जी मंडी के हटने से वहां की सड़कों पर यातायात का दबाव कम नजर आया और सड़कें भी पहले के मुकाबले दोगुनी चौड़ी नजर आने लगी हैं। नई व्यवस्था के तहत कुछ लोग तो काफी खुश नजर आए लेकिन कुछ लोग अब इस बात से दुखी थे कि उन्हे सब्जी लेने के लिए घर से थोड़ी दूर तक जाना पड़ेगा।

## कलेक्टर ने त्रिवेणी क्षेत्र में देखी व्यवस्था

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने चांदनी चौक साइड की सब्जी मंडी के त्रिवेणी के समीप शिफ्ट होने के बाद वहां पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान निगमायुक्त को पेयजल की बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए। सब्जी विक्रेताओं से चर्चा करते हुए कहा कि पुराने दुकानदारों को स्थान आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। नवीन विक्रेताओं को भी स्थान मिलेगा। कलेक्टर ने निगम के अधिकारियों को सब्जी विक्रेताओं के लिए बेहत ढंग से व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी एवं नगर निगम के अधिकारी भी मौजूद थे। इसके पूर्व कलेक्टर ने सैलाना ब्रिज, तथा राम मंदिर क्षेत्र में भी निरीक्षण किया।

# निगम के सब इंजीनियर को माली ने पत्थर मारा

रतलाम। माणकचौक थाना क्षेत्र के त्रिवेणी मुक्तिधाम रोड पर कल्याण नगर के पास नगर निगम के माली ने निगम के सब इंजीनियर ब्रजेश कुशवार निवासी डालूमोदी बाजार से विवाद कर उन्हें पत्थर मार दिया। पुलिस ने कुशवाह की रिपोर्ट पर आरोपित माली राधेश्याम निवासी रामगढ़ के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार कुशवाह ने पुलिस को बताया कि वे बुधवार शाम करीब छह बजे सुमियपाल सचिन सारस्वत के साथ कल्याण नगर के पास जेसीबी से कार्य करवा रहे थे। तभी निगम के उद्यान में माली का काम करने वाला राधेश्याम शराब के नशे में आया व पत्थर उठाकर मार दिया। इससे उनके बायें पैर के टखने पर चोट लगी। इसके बाद वह गाली गलौच करते हुए चला गया।

# मॉनिटरिंग सेल की बैठक आयोजित की गई

रतलाम ● मीटिंग सेल की बैठक प्रधान जिला न्यायाधीश राजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी अन्य न्यायाधीशगण तथा अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रधान न्यायाधीश द्वारा विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जावरा तथा आलोट में भूमि आवंटन के संबंध में चर्चा की गई। बताया गया कि उच्च न्यायालय द्वारा 5 वर्ष से अधिक लंबी अवधि के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किए जाने को आदेशित किया गया है। साथ ही जघन्य तथा सनसनीखेज मामलों की ही प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के संबंध में अवगत कराया गया। प्रधान न्यायाधीश ने निर्देशित किया कि थानों से आने वाले समय में गवाह के मोबाइल नंबर भी जानकारी दी जाए। निगमायुक्त को न्यायालय परिसरों, आवासीय परिसरों में साफ-सफाई तथा उद्यानों के रखरखाव के संबंध में निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि एमएलसी की रिपोर्ट में डॉक्टर का नाम तथा उसकी सील भी अंकित की जाए।

# कलेक्टर के अवैध कालोनियों पर एक्शन का सकारात्मक नतीजा

## विगत 1 वर्ष में शासन को हुई 7 करोड रुपए से ज्यादा की राजस्व आय

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा जिले में अवैध कालोनियों पर ली गई एक्शन का सकारात्मक नतीजा सामने आया है। इससे जहां वैध कालोनियों की संख्या में वृद्धि हुई है वही शासन की राजस्व आय में भी आशातीत बढ़ोतरी देखने में आई है।

विगत 1 वर्ष में कॉलोनाइजर्स से प्राप्त किए गए

### ▸ वैध कॉलोनियों की संख्या में हुई वृद्धि

विभिन्न शुल्क के रूप में शासन को 7 करोड 4 लाख 11 हजार रुपए राजस्व आय प्राप्त हुई हैं। इसका एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि जिले में भूखंडों के खरीदार फर्जीवाड़े की चिंता से मुक्त हुए हैं। अब जहां भूखंड खरीद रहे हैं वह निश्चित रूप से वैध कॉलोनी होगी।

कलेक्टर कार्यालय की कॉलोनी सेल ने बताया कि पिछले 5 मई से लेकर अब तक की अवधि में प्रशासन को सर्वाधिक राजस्व आय विकास अनुमति शुल्क के रूप में 6 करोड़ 94 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए है। इसमें नगर निगम रतलाम क्षेत्र में विकास अनुमति शुल्क 5 करोड़ 4 लाख 89 हजार रुपए तथा जिले के नगर,पालिका क्षेत्रों से 1 करोड़ 15 लाख 52 हजार रुपए विकास अनुमति शुल्क सम्मिलित है। विकास अनुमति शुल्क के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों से 74 लाख 44 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं।

शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी श्री अरुण पाठक ने बताया कि कॉलोनाइजर्स से रजिस्ट्रीकरण शुल्क के रूप में कुल 9 लाख 25 हजार रुपए प्राप्त हुए हैं। कलेक्ट्रेट की कॉलोनी सेल शाखा को 7 लाख रुपए तथा निगमायुक्त को 2 लाख 25 हजार रुपए रजिस्ट्रीकरण राशि के रूप में प्राप्त हुए हैं। विगत 1 वर्ष में कॉलोनी सेल द्वारा नगरीय क्षेत्रों के लिए 10 रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र कॉलोनाइजर्स को प्रदान किए गए हैं। इसी अवधि में ग्रामीण क्षेत्र के लिए 9 कॉलोनाइजर्स को रजिस्ट्रीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए हैं। विकास अनुमति शुल्क में आश्रय शुल्क, अतिरिक्त आश्रय शुल्क, पर्यवेक्षण शुल्क, भूमि विकास तथा कर्मकार मंडल शुल्क सम्मिलित है।

नव भारत 7-5

# ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण कार्य जल्दी होगा पूरा

पीपुल्स संवाददाता ● रतलाम

मो.नं. 9826486291

7-5-22

कई वर्षों से चर्चा में रहे ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण कार्य जल्दी ही शुरू होने जा रहा है। करीब 31 करोड़ की लागत से बनने वाले ट्रांसपोर्ट नगर की तैयारियों का जायजा लेने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम शुक्रवार को आरडीए कर्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने सीईओ जमुना भिड़े और इंजीनियरों से मुलाकात कर निर्माण कार्य की तैयारियों की भी जानकारी ली।

गौरतलब है कि रतलाम के सालाखेड़ी स्थित 18.160 हेक्टेयर को रतलाम विकास प्राधिकरण को ट्रांसपोर्ट नगर विकसित करने के लिए आवंटित की गई है, जिसकी टेंडर प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली गई है। इसके बाद अब आगामी 6 महीनों में रतलाम का ट्रांसपोर्ट नगर लेने लगेगा।

दरअसल, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने वर्षों से लंबित ट्रांसपोर्ट नगर योजना को आगे बढ़ाते हुए आरडीए के माध्यम से डीपीआर और टेंडर प्रक्रिया शुरू करवाई थी। जिसके बाद अब जल्दी ही रतलाम के ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण कार्य शुरू होने जा रहा है। जिसके लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने आज आरडीए कार्यालय पहुंचकर सीईओ जमुना भिड़े और इंजीनियरों से निर्माण कार्य को लेकर की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। निर्माण कार्य का टेंडर देने का कार्य भी अंतिम दौर में है। जिसके बाद रतलाम का ट्रांसपोर्ट नगर आगामी 6 माह में आकार ले लेगा।



सब्जी मंडी हटाने के बाद त्रिपोलिया गेट रोड का दृश्य ।



नवीन स्थल पर मंडी का निरीक्षण करते कलेक्टर

# निर्धारित स्थानों पर सब्जी और फल मंडी शुरू

## कलेक्टर ने किया स्थल का निरीक्षण

6-5-

रतलाम ● स्वदेश समाचार

निगम प्रशासन ने नगर में चार स्थानों को सब्जी विक्रय के लिए निर्धारित किया है, वहां आज से कार्रवाई शुरू करते हुए फल-फ्रूट एवं सब्जी की दुकानें प्लाट देकर लगवाना शुरू करवा दी है और जहां वर्तमान में दुकानें लग रही थी वहां से यह दुकानें हटा दी गई है।

जिन क्षेत्रों में दुकानें हटवाई गई है वहां आज लम्बी-चौड़ी और खुली सड़कें नजर आ रही है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने निगमायुक्त के साथ त्रिवेणी मुक्तिधाम के निकट चांदनी चौक क्षेत्र की शिफ्ट की गई सब्जी मंडी का निरीक्षण किया तथा सब्जी विक्रेताओं से चर्चा की कि कलेक्टर ने निगमायुक्त को सब्जी मंडी में सब्जी व्यापारियों के लिए पर्याप्त पेयजल व्यवस्था करने के निर्देश दिए। तीन अन्य निर्धारित स्थानों पर भी आज सब्जी विक्रय शुरू हो गया है। कलेक्टर ने सैलाना ब्रिज तथा राम मंदिर क्षेत्र में भी निरीक्षण किया। जहां सब्जी मंडी स्थानांतरित की गई है।

निगमायुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि आज 241 सब्जी व 31 फल विक्रेताओं ने त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी विक्रय हेतु अपना पंजीयन करा चुके हैं ।

फुटकर फल-सब्जी विक्रेताओं की मांग पर एसडीएम श्री शुक्ला ने कहा कि सैलाना बस स्टैण्ड सब्जी मण्डी में फल-सब्जी का विक्रय थोक में होगा ना कि किलो दो किलो में। साथ ही उन्होंने कहा कि फुटकर फल-सब्जी विक्रेता कॉलोनियों में घूम-घूमकर ठेले पर फल-सब्जी का विक्रय कर सकेंगे। तय स्थान पर फल-सब्जी विक्रय हेतु उन्होंने फुटकर विक्रेताओं का तत्काल अपना पंजीयन कराने की समझाइश दी।

## मुखर्जी नगर टंकी पर बनेगा सम्पवेल

रतलाम ● शहर के मुखर्जी नगर तथा आस-पास के क्षेत्रों में पेयजल वितरण के लिए निर्मित नगर निगम की पेयजल टंकी पर शहर विधायक चेतन्य काश्यप के प्रयासों से निगम सम्पवेल बनाने जा रहा है। सम्पवेल की लागत लगभग 12 लाख रुपए अनुमानित है।

20591

# 241 vegetable, 31 fruit vendors register for space on Triveni Road: RMC

**FP NEWS SERVICE**
Ratlam

6-5-22

A day after retail vegetable and fruit vendors created a ruckus at Krishi Upaj Mandi's wholesale vegetable market, as many 241 vegetable and 31 fruit vendors have got themselves registered for selling vegetables and fruit at the designated place - Triveni road, informed Ratlam Municipal Corporation (RMC) official.

On Wednesday vegetable and fruit vendors had expressed their resentment at not allowing the selling of vegetables and fruits at places other than the four designated places on a retail basis. District collector Kumar Purushottam along with RMC commissioner Somnath Jharia today reviewed the designated place.



The vegetable Mandi at Chandani Chowk is to be shifted to Triveni road. While talking to vendors at Triveni road the district collector assured them that priority will be given to existing vendors in place allotment but new vendors will also get space. He also visited Sailana road bridge and Ram Mandir area to assess the shifting

**FREEPRESS FOLLOW-UP**

**Retail vegetable vendors create ruckus in Ratlam Mandi**

**IN FREE PRESS ON MAY 5**

of the vegetable and fruit market.

Meanwhile, the RMC press release informed that a meeting was held on Wednesday with retail vegetable and fruit vendors to give them detailed information about the objective of shifting to a new place and making available all basic facilities there. The meeting was addressed by RMC commissioner Somnath Jhar and SDM Rakesh Shukla.

Jharia said that from May 5 ve etables and fruits will be allow to be sold at four designated plac only in the city so as to impro the traffic system of the city. assured that all basic faciliti will be made available at the fo designated places.

SDM Rakesh Shukla assu that at the Sailana road Sabji Ma di only wholesale trade of vege bles and fruit will take place and retail activity will be allowed. the colony areas, fruit and v etable vendors can sell their pr ucts on the moving hand cart.

He appealed to all the vend present in the meeting to get the selves registered for allotment space at the new designated a for the sale of vegetables and fru

नगर निगम व प्रशासन ने विरोध करने वालों की दुकानें स्वयं हटाई

# जो धूप में बैठे थे धरने पर उन्होंने ही हटा लिया स्वयं का अतिक्रमण

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर की बिगड़ती यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए प्रशासन द्वारा जारी की गई गाईड लाइन का सकारात्मक असर शहर की सड़को पर दिखने लगा है।

दो दिन पहले जिस त्रिवेणी रोड पर अतिक्रमण हटाने की चेतावनी देने के बाद दुकानदार चिलचिलाती धूप में धरने पर दो घंटे तक बैठे थे, गुरुवार को उन्ही दुकानदारों ने अपना अतिक्रमण स्वयं ही हटा लिया। दोपहर में नगर निगम व प्रशासन का दल जब पहुंचा तो अधिकांश ने अपनी दुकानें हटा ली। इन सब के बीच सब्जी विक्रेताओं की नाराजी कायम है, लगातार दूसरे दिन कलेक्टर कार्यालय में प्रदर्शन किया गया है।

नगर निगम व प्रशासन के दल ने त्रिपोलिया गेट से अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों को हटा दिया। बता दे कि इस क्षेत्र में 22 सालों में यह पांचवी बार दुकानें हटाने की कार्रवाई की गई है। इसके पूर्व जेसीबी से सख्त कार्रवाई 2007 में की गई थी। बता दे कि शहर में गुरुवार से शहर की सड़कों पर सब्जी की बिक्री पर रोक लगा दी गई। जो नियम तोड़ेगा उस पर कार्रवाई होगी, यह दावा किया गया है।

गुरुवार से प्रशासन द्वारा शहर के त्रिवेणी रोड पर कल्याण नगर के समीप, सैलाना रोड पर साक्षी पेट्रोल पंप के सामने, सैलाना रोड ओवरब्रिज के नीचे व विनोबा नगर ग्रीड के पास सब्जी बेचने के तय किए गए स्थान पर सब्जी की बिक्री शुरू हो गई।

## खुले - खुले नजर आए बाजार

6-5-22

सब्जी बिक्री को तय स्थान पर करने का असर बाजार में देखने को मिला। हर कुछ देर में जाम के हालात जहां रहते थे, उन क्षेत्रों में बाजार खुले - खुले नजर आए। हालाकि इस नई व्यवस्था से फुटकर फल व सब्जी बिक्री करने वालों में काफी नाराजी दिखाई दी। चौड़ी हो गई सड़क यहां त्रिपोलिया गेट के बाहर बनी दुकानों से नगर निगम, प्रशासन की टीम ने जहां अतिक्रमण हटाया वही कुछ दुकानदारों ने स्वयं भी अपने अतिक्रमण हटा लिए। जब सब कुछ साफ हो गया तो इस क्षेत्र की रोड भी बाजार की तरह खुली - खुली हो गई।

---



# शहर में बदलाव की बयार बह रही

रतलाम,(निप्र)। शहर में बदलाव की बयार बह रही है शहर के यातायात को सुगम बनाने के उद्देश से नगर में विभिन्न स्थानो पर सड़को पर फल तथा सब्जी बेचने वालो को शहर में चार जगह दी गई है। उन्हे वहा स्थानांतरित कर दिया गया है, बुधवार को नगर निगम की इस व्यवस्था का कुछ विक्रेताओ ने विरोध किया था किंतु आज गुरुवार से नगर निगम द्वारा बनाई गई व्यवस्था पटरी पर आते नजर आई तथा शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों पर फल सब्जी व्यवसाय कर यातायात बाधित करने वाले विक्रेता नजर नही आए, वही नगर निगम द्वारा तय की गई जगहो पर सब्जी विक्रेता पहुचे तथा वहा पर नागरिक सब्जी तथा फल खरीदने के लिए पहुचे, जिससे नगर का यातायात सुगम दिखाई दिया। कलेक्टर तथा नगर निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि फेरी वालो के लिए शहर में और भी नई जगह चिन्हित की जा रही है जहा फल तथा सब्जी व्यवसाय करने वाले विक्रेता अपना व्यवसाय कर सकेंगे। सैलाना बस स्टेंड फल सब्जी मंडी पर सुबह से ही जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, मंडी प्रशासन और निगम प्रशासन का अमला तैनात था जिससे वहा व्यवस्था सुचारू बनी रही।

चोथा संसार 6-5-22

# 241 vegetable, 31 fruit vendors register for space on Triveni Road: RMC

**FP NEWS SERVICE**
Ratlam

6-5-22



A day after retail vegetable and fruit vendors created a ruckus at Krishi Upaj Mandi's wholesale vegetable market, as many 241 vegetable and 31 fruit vendors have got themselves registered for selling vegetables and fruit at the designated place - Triveni road, informed Ratlam Municipal Corporation (RMC) official.

On Wednesday vegetable and fruit vendors had expressed their resentment at not allowing the selling of vegetables and fruits at places other than the four designated places on a retail basis. District collector Kumar Purushottam along with RMC commissioner Somnath Jharia today reviewed the designated place.

The vegetable Mandi at Chandani Chowk is to be shifted to Triveni road.

**FREEPRESS FOLLOW-UP**

While talking to vendors at Triveni road the district collector assured them that priority will be given to existing vendors in place allotment but new vendors will also get space. He also visited Sailana road bridge and Ram Mandir area to assess the shifting of the vegetable and fruit market.



Retail vegetable vendors create ruckus in Ratlam Mandi

IN FREE PRESS ON MAY 5

Meanwhile, the RMC press release informed that a meeting was held on Wednesday with retail vegetable and fruit vendors to give them detailed information about the objective of shifting to a new place and making available all basic facilities there. The meeting was addressed by RMC commissioner Somnath Jhar[ia] and SDM Rakesh Shukla.

Jharia said that from May 5 ve[g]etables and fruits will be allow[ed] to be sold at four designated plac[es] only in the city so as to impro[ve] the traffic system of the city. [He] assured that all basic facilit[ies] will be made available at the fo[ur] designated places.

SDM Rakesh Shukla assu[red] that at the Sailana road Sabji M[an]di only wholesale trade of vege[ta]bles and fruit will take place and [no] retail activity will be allowed. [In] the colony areas, fruit and v[eg]etable vendors can sell their pr[od]ucts on the moving hand cart.

He appealed to all the vend[ors] present in the meeting to get th[em]selves registered for allotmen[t of] space at the new designated a[rea] for the sale of vegetables and fru[it]



# सड़क की सब्जी मंडी त्रिवेणी कल्याणनगर में

प्रभात किरण 5-5

रतलाम, नप्र। सड़क तथा फुटपाथ पर जमीन पर बैठकर अथवा ठेलागाड़ी पर फल-सब्जी बेचने की रोक के बाद सड़क की सब्जी मंडी त्रिवेणी कल्याणनगर में लगना शुरू हो गई।

नगर निगम अधिकारियों ने आज सुबह त्रिवेणी कल्याणनगर पहुंचकर लगाई जाने वाली सब्जी मंडी के इंतजाम को देखा। प्रशासन की ओर से तय की गई जगह पर सब्जी वालों ने अपने को मिली जगह पर दुकाने लगाई। हालांकि पटरी पार इलाके में साक्षी पेट्रोल पंप के सामने और विनोबानगर के तय जगह सुबह साढ़े दस बजे भी सूनी रही।



राममंदिर सब्जी मंडी के व्यापारी सुबह हद में रहने के लिए दुकानों के लिए खुद ही लाइन खीचते दिखाई दिए। राममंदिर सब्जी मंडी की दुकानों के बाहर दुकान लगाने वाले दुकानदारों का कहना है कि वे सफेद रंग की लाइन के अंदर ही हद में रहेंगे।

निगमायुक्त ने सब्जी वालो से कहा कि यह शहर आपका अपना शहर है, इसे और अधिक सुंदर और बेहत्तर बनाने में आपकी भूमिका जरूरी है। पटरी के इस पार घनी आबाद होने से यातायात प्रबंधन तंत्र को बेहत्तर करने के लिए रोक लगाई जा रही है।

# अब बाजार क्षैत्र में तेजी से शुरु होगा सड़कों का निर्माण कार्य, कलेक्टर ने दिए निर्देश, दुकानों के आगे अतिक्रमण पर भी हो सकती है कार्रवाई

रतलाम। शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के साथ ही सुगम यातायात के लिए अब बाजार क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य में भी तेजी लाई जा रही है। इस सबंध में कलेक्टर कुमार पुरुषोतम ने निगम अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए है। संभव है अगले कुछ दिनों में नौलाईपुरा के अलावा कुछ और मार्गों पर भी सड़क निर्माण कार्य शुरु हो सकता है। शहर की सड़कों की हालत को लेकर लगातार सवाल उठते रहे है, लेकिन अब इस ओर तेजी से कार्य शुरु होने जा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि बाजार क्षेत्र में अगले दो-चार दिनों में नई सड़कों का कार्य शुरु हो जाएगा। इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए गए है।

अतिक्रमण पर भी हो सकती है कार्रवाई – सूत्रों की माने तो यातायात सुधार के लिए सब्जी विक्रेताओं और ठेलों को हटाने की कार्रवाई के बाद अब दुकानों के स्थाई-अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ भी प्रशासन सख्त कार्रवाई कर सकता है। यातायात सुधार की दृष्टि से बाजार क्षैत्र में जल्द कार्रवाई देखने को मिल सकती है। प्रभात 6-5-2

# विधायक श्री काश्यप के प्रयासों से मुखर्जी नगर टंकी पर बनेगा सम्पवेल

रतलाम (तेज एक्सप्रेस)। शहर के मुखर्जी नगर तथा आस-पास के क्षेत्रों में पेयजल वितरण के लिए निर्मित नगर निगम की पेयजल टंकी पर शहर विधायक मा. श्री चेतन्य काश्यप जी के प्रयासों से निगम सम्पवेल बनाने जा रहा है। सम्पवेल की लागत लगभग 12 लाख रुपये अनुमानित है।

सम्पवेल निर्माण के लिए विधिपूर्वक भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ भाजपा नेताओं द्वारा सम्पन्न किया गया। 6-5-22

भूमिपूजन कार्यक्रम के अतिथि के रूप मे उपस्थिति भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री बजरंग पुरोहित, जिला



कार्यालय मंत्री श्री मनोज शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री मयूर पुरोहित की रही।

इस अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष द्वय श्री प्रकाश बंशीवाल, श्री विवेक शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री द्वय श्री धर्मेन्द्र देवड़ा, श्रीमती अनिता कटारा, अम्बेडकर मंडल महामंत्री श्री विनोद यादव, पूर्व पार्षद श्रीमती सीमा टांक, श्री पवन सोमानी, श्री बलवीर सिंह सोढ़ी, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्री चेतन टाक, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी श्री तन्मय त्रिवेदी, सर्व श्री जयेश वसावा, संजय पांण्डे, राजेन्द्र सोलंकी, श्रीमती दिव्या शर्मा, श्रीमती शांति पाटीदार, श्रीमती आशा पाटीदार, आशिष चौहान, करण ठाकुर, प्रवीण सीरवी, श्रीमती अनिता वसावा, श्रीमती सुलोचना चौहान, प्रदुम्न पुरोहित, राजु पहाड़ीया, नगर निगम जल प्रदाय प्रभारी श्री हनीफ शेख एवं श्री भय्यालाल चौधरी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## मॉनिटरिंग सेल की बैठक आयोजित की गई

6-5

रतलाम। मीटिंग सेल की बैठक प्रधान जिला न्यायाधीश राजेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, अन्य न्यायाधीशगण तथा अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में प्रधान न्यायाधीश द्वारा विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में जावरा तथा आलोट में भूमि आवंटन के संबंध में चर्चा की गई। बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा 5 वर्ष से अधिक लंबी अवधि के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किए जाने को आदेशित किया गया है। साथ ही जघन्य तथा सनसनीखेज मामलों की ही प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के संबंध में अवगत कराया गया। प्रधान न्यायाधीश ने निर्देशित किया कि थानों से आने वाले समय में गवाह के मोबाइल नंबर भी जानकारी दी जाए। निगमायुक्त को न्यायालय परिसरों, आवासीय परिसरों में साफ-सफाई तथा उद्यानों के रखरखाव के संबंध में निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया गया कि एमएलसी की रिपोर्ट में डॉक्टर का नाम तथा उसकी सील भी अंकित की जाए। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री गुप्ता ने कहा कि प्रशासकीय अधिकारी किसी भी समस्या के संबंध में जिला कोर्ट को अवगत करा सकते हैं, समन्वय के संबंध में भी सदैव बात की जा सकती है। 6-5-22 [illegible]

... प्राधिकरण द्वारा

## गोपाल गौशाला कालोनी के नव श्रृंगारित उद्यान का लोकार्पण आज

रतलाम (तेज एक्सप्रेस)। गोपाल गौशाला कालोनी के नव श्रृंगारित उद्यान का आज 06 मई शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे विधायक शहर चेतन्य काश्यप के कर कमलों द्वारा व सदस्य, जिला योजना समिति राजेन्द्र सिंह जी लुनेरा की अध्यक्षता में लोकार्पण संपन्न होगा। आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व निगम अधिकारी उपस्थित रहेंगे। 6-5-22

# विधायक काश्यप के प्रयासों से मुखर्जी नगर टंकी पर बनेगा सम्पवेल



प्रसारण न्यूज ◆ रतलाम

शहर के मुखर्जी नगर तथा आस-पास के क्षेत्रों में पेयजल वितरण के लिए निर्मित नगर निगम की पेयजल टंकी पर शहर विधायक मा. श्री चेतन्य काश्यप जी के प्रयासों से निगम सम्पवेल बनाने जा रहा है। सम्पवेल की लागत लगभग 12 लाख रुपये अनुमानित है।

सम्पवेल निर्माण के लिए विधिपूर्वक भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ भाजपा नेताओं द्वारा सम्पन्न किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम के अतिथि के रूप में उपस्थिति भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव तथा भाजपा मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित की रही।

इस अवसर पर भाजपा मंडल उपाध्यक्ष द्वय प्रकाश बंशीवाल, विवेक शर्मा, भाजपा मंडल महामंत्री द्वय धर्मेन्द्र देवड़ा, श्रीमती अनिता कटारा, अम्बेडकर मंडल महामंत्री विनोद यादव, पूर्व पार्षद श्रीमती सीमा टांक, पवन सोमानी, बलवीर सिंह सोढ़ी, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष चेतन टाक, भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी तन्मय त्रिवेदी, जयेश वसावा, संजय पाण्डे, राजेन्द्र सोलंकी, श्रीमती दिव्या शर्मा, श्रीमती शांति पाटीदार, श्रीमती आशा पाटीदार, आशिष चौहान, करण ठाकुर, प्रवीण सीरवी, श्रीमती अनिता वसावा, श्रीमती सुलोचना चौहान, प्रदुम्न पुरोहित, राजु पहाड़ीया, नगर निगम जल प्रदाय प्रभारी हनीफ शेख एवं भय्यालाल चौधरी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। प्रसारण 6-5-22



# सब्जी विक्रेताओं की व्यवस्था को कलेक्टर ने जांचा

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने चांदनी चौक साइड की सब्जी मंडी का त्रिवेणी के समीप शिफ्टिंग का निरीक्षण किया। निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को पेयजल की बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए।

सब्जी विक्रेताओं से चर्चा करते हुए कहा कि पुराने दुकानदारों को स्थान आवंटन में प्राथमिकता दी जाएगी। नवीन विक्रेताओं को भी स्थान मिलेगा। कलेक्टर द्वारा निगम अधिकारियों को सब्जी विक्रेताओं के लिए नियोजित ढंग से व्यवस्थाओं हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित थे। इसके पूर्व कलेक्टर पुरुषोत्तम ने सैलाना ब्रिज, तथा राम मंदिर क्षेत्र में भी निरीक्षण किया। आयुक्त ने बताया कि त्रिवेणी रोड कल्याण नगर के सामने फल-सब्जी विक्रय हेतु 241 सब्जी व 31 फल विक्रेताओं ने 4 मई को अपना पंजीयन कराया था निगम द्वारा 4 बाय 4 के ब्लॉक बनाकर उन्हे व्यवस्थित रूप से बैठाया गया है। इसके अलावा नवीन फल-सब्जी मण्डी में सब्जी-फल विक्रेताओं से 7 दिवस तक किसी प्रकार की बाजार बैठक वसूली नहीं की जायेगी।



## दिए निर्देश

कलेक्टर ने निरीक्षण में व्यवस्थाओं को जांचा। साथ ही त्रिवेणी रोड नवीन सब्जी मण्डी के निरीक्षण के दौरान नवीन मण्डी में मूलभुत सुविधाऐं उपलब्ध करायें जाने निर्देश संबंधित को दिए गए ताकि विक्रेताओं को असुविधा ना हो।

# गोपाल गौशाला कालोनी के नव श्रृंगारित उद्यान का आज होगा लोकार्पण

रतलाम। गोपाल गौशाला कालोनी के नव श्रृंगारित उद्यान का आज शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे विधायक रतलाम शहर चेतन्य काश्यप के कर कमलों द्वारा व सदस्य, जिला योजना समिति राजेन्द्र सिंह लुनेरा की अध्यक्षता में लोकार्पण संपन्न होगा। आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व निगम अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# कचरा, गंदगी व अतिक्रमण करने पर 11 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नगर में ऐसे दुकानदार व नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करते हैं, मलबा डालकर व सामान से अतिक्रमण करते है, अमानक पॉलीथीन का उपयोग एवं विक्रय करते हैं, खुले में यूरिन करते हैं उन पर लगाम लगाने हेतु संबंधितों पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही की जा रही है जिसके तहत 5 मई को 11 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार कचरा एवं गंदगी करने पर शोएब खान, सचिन, आरिफ खान, इमरान खान सन्नो बी पर 1000-1000, रवि पर 500, सुनील पर 300, सुधीर, राजेन्द्र, मंगल पर 250-250 व पुरूषोत्तम पर 100 रूपये का स्पॉट फाईन कर भविष्य में गंदगी, अतिक्रमण व अमानक पॉलीथीन का उपयोग ना करने की समझाईश दी। फाईन की कार्यवाही उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा के निर्देशन में स्पॉट फाईन दल द्वारा की गई।

## 9 कर्मचारियों का वेतन काटा

रात्रिकालीन सफाई व्यवस्थ का निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बुधवार को निरीक्षण किया। रात्रिकालीन सफाई के कर्मचारियों द्वारा बिना सूचना अनुपस्थित मिले। एक दिवस वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने हेतु कारण बता सूचना-पत्र जारी किया गया बुधवार को कर्मचारी नवीन फिरोज, राजा-कैलाश, पंकज फिरोज, नरेन्द्र-नवीन, अम सुदेश, रवि-मासुम, संजय-प संतोश-प्रभुदयाल, चंच बसंतीलाल बिना सूचना के अ कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित गये।